दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 138 जयपुर, रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कसाब को फांसी दिलाने वाले निकम बीजेपी प्रत्याशी



**मुंबई।** भाजपा ने चर्चित वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई उत्तर-मध्य से चुनावी मैदान में उतारा है। पूनम महाजन का टिकट काटकर पार्टी ने आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्ज्वल निकम को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व विशेष लोक अभियोजक उज्ज्वल निकम कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। निकम बॉम्बे बम विस्फोट, गुलशन कुमार हत्याकांड, प्रमोद महाजन हत्याकांड और 2008 मुंबई हमलों सहित कई केस लड़ चुके हैं। वैसे, निकम जलगांव से हैं। पहले उन्हें वहां से टिकट देने पर भी विचार हुआ था।

### राजस्थान ने लखनऊ को 7 विकेट से हराया



**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया है। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से केएल राहुल ने शानदार 76 रनों की पारी खेली तो वहीं राजस्थान रॉयल्स की ओर से कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद 71 रनों की धमाकेदार पारी खेली। राजस्थान ने टॉस जीतकर लखनऊ को लखनऊ को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए, जवाब में राजस्थान ने एक ओव शेष रहते लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## जंगल देख रोमांचित हुई क्रिकेट की दीवार...

# राहुल द्रविड़ पत्नी के साथ अल सुबह पैंथर देखने पहुंचे झालाना



बेधड़क | जयपुर

कभी भारतीय क्रिकेट टीम की दीवार कहे जाने वाले राहुल द्रविड़ को जब गुलाबी नगरी के बीच जंगल और जंगल में पैंथर्स की जानकारी मिली तो वे रोमांचित हो गए। ऐसे में अल सुबह ही वे जयपुर के झालाना जंगलों में पहुंचे और सफारी का आनंद लिया।
उनके साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थी। दोनों ने कई घंटे जंगल में गुजारे। वे इस बात से भी रोमांचित थे, कि किले-महलों के लिए विख्यात जयपुर में शानदार जंगल है। जहां लेपर्ड, हाईना सहित अन्य वन्यजीवों का बसेरा है। शनिवार को सुबह की सफारी के दौरान उन्होंने खूब एंजॉय किया। उन्होंने जंगल ही काफी तारीफ की। गौरतलब है इससे पहले पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर, अर्जुन तेंडुलकर, फिल्म अभिनेता संजय दत्त, अभिनेत्री रवीना टंडन सहित अन्य फिल्मी और स्पोर्ट्स की हस्तियां झालाना लेपर्ड रिजर्व की विजिट कर चुके हैं।

सभी ने यहां पैंथर्स की तारीफ की और शहर के बीच जंगल देखकर वे प्रभावित हुए थे। साथ ही उनको जंगल के साथ इंटरप्रिटेशन सेंटर भी ले जाया गया, जहां जाकर उन्होंने लेपर्ड और जंगल की जानकारी लेते हुए फोटो सेशन कराया। द्रविड़ कपल ने जंगल के बारे में स्टाफ से जानकारी ली और इस दौरान उन्होंने कई फोटोग्राफ भी लिए। उन्होंने जीप की सवारी के दौरान ड्राईवर्स और जंगल के अधिकारियों के साथ इंटरेक्ट करते हुए उनको अपने साथ फोटो क्लिक करवाई।



## ‘म्याऊं-म्याऊं’ ड्रग बनाने वाली 3 हाईटेक लैब का भंडाफोड़

# गुजरात-राजस्थान की लैब्स से 300 करोड़ की ड्रग्स बरामद

### राजस्थान में जोधपुर के ओसियां और जालोर के भीनमाल में हुई कार्रवाई | 3 महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में आरोपियों और लैब्स की लगातार हुई निगरानी

### ड्रग के नाम हैं ड्रोन, एम-कैट और वाइट मैजिक

बेधड़क | जयपुर/गांधीनगर

गुजरात पुलिस के एटीएस के साथ एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में राजस्थान और गुजरात नशीले पदार्थ बनाने वाली कई प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ हुआ है। मेफेड्रोन ड्रग्स बनाने वाली गुजरात और राजस्थान में 3 हाईटेक लैब्स से करीब 300 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। अभी एक जगह छापेमारी चल रही है, जिससे और भी ड्रग्स बरामद होने की उम्मीद है। रात भर की मल्टीस्टेट कार्रवाई में 149 किलो मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलो एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। अब तक 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं और इसके मास्टरमाइंड की पहचान हो गई है।






### सरगना की हुई पहचान

एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर ऑपरेशंस ज्ञानेश्वर सिंह के मुताबिक इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मेफेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफेड्रोन के रूप में भी जाना जाता है, एम्फैटेमिन और कैथिनोन ग्रुप की एक सिंथेटिक उत्तेजक ड्रग है। नशे की दुनिया में इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, “म्याऊं म्याऊं” और बबल भी कहते हैं।

### 3 महीने तक संदिग्धों पर रखी गई थी पैनी नजर

एनसीबी के मुताबिक एटीएस गुजरात पुलिस को गुजरात और राजस्थान में गुपचुप तरीके से मेफेड्रोन बनाने वाली लैब्स के बारे पता चला। इन लैब्स का भंडाफोड़ करने के लिए एटीएस गुजरात पुलिस और एनसीबी मुख्यालय ऑपरेशंस यूनिट की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। तीन महीने से अधिक समय तक चले एक ऑपरेशन में, इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं के स्थानों की पहचान करने के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई।



### इन स्थानों पर हुई कार्रवाई

27 अप्रैल को करीब 4 बजे एटीएस गुजरात पुलिस और एनसीबी (मुख्यालय संचालन इकाई, एनसीबी जोधपुर जोन और एनसीबी अहमदाबाद जोन) की संयुक्त टीमों द्वारा राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, ओसियां पर एक साथ छापेमारी की गई। जोधपुर जिला राजस्थान और गांधीनगर जिला गुजरात में कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी हुई और अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है और अधिक ड्रग्स बरामदगी की उम्मीद है।

## मणिपुर में कथित कुकी आतंकियों ने किया कैंप पर हमला

# CRPF के 2 जवान शहीद, कई घायल



एजेंसी | नारनसेना

मणिपुर के नारनसेना इलाके में आधी रात को कथित कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 2 जवान शहीद हो गए हैं, जबकि इस हमले में कई जवान घायल हुए हैं। ये जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारनसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं। मणिपुर पुलिस ने इस हमले की जानकारी दी और बताया कि ये हमला आधी रात को हुआ है। बता दें कि शुक्रवार को मणिपुर में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई है। वोटिंग खत्म होने के कुछ घंटों बाद ये हमला किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ‘उग्रवादियों ने पोस्ट को निशाना बनाकर पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। आतंकियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फट गया।’ सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन शिविर की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

धमाके की चपेट में आकर चार जवान घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से दो की मौत हो गई। अन्य घायल जवानों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# 25 लोकसभा सीटों पर कुल 62.10% मतदान

**जयपुर।** राजस्थान में दूसरे चरण की 13 सीटों पर 65.52 फीसदी वोटिंग प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, पहले चरण में प्रदेश में 58.28 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। अतः 25 सीटों पर कुल मिलाकर 62.10 फीसदी वोट पड़े। प्रदेश में सर्वाधिक 75.93 फीसदी मतदान बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर हुआ। दूसरे चरण में शामिल 13 सीटों के तहत 104 विधानसभा सीटों में से भाजपा के कब्जे वाली 35 सीटों पर मतदान पिछले लोकसभा चुनाव से 5 प्रतिशत से ज्यादा घटा। इनमें 3-4 सीटों पर तो वोटिंग 10 प्रतिशत से ज्यादा घटी है। वहीं, कांग्रेस के कब्जे वाली 8 सीटों पर मतदान पांच प्रतिशत से ज्यादा घटा है।


**संडे स्पेशल:** विपरीत हालात में जिंदगी का रिकॉर्ड

# दुर्लभ मामला: सिर से जुड़े रहे जुड़वा भाई-बहन 62 की उम्र में चल बसे

- ईश्वर की लीला ही है कि ऐसी हालत में दोनों ने 62 साल की उम्र पा ली
- भाई के रूप में पैदा हुआ जॉर्ज बाद में बन गया ट्रांसजेंडर
- डॉक्टर्स ने कहा- ऐसे जुड़े होने के बावजूद इतना जीने का अन्य मामला दुर्लभ

एजेंसी | वॉशिंगटन

ईश्वर की लीला कहें या अल्लाह की कुदरत या नसीब कि जिन हालात में बचपन भी देखे बिना बच्चे जिंदगी की जंग हार जाते हैं, ऐसे में जन्म से सिर से जुड़े बहन-भाई लोरी और जॉर्ज शैपल 62 साल तक जीए। दरअसल, दोनों जब से पैदा हुए, तब से इनके सिर जुड़े हुए थे। यानी 62 वर्षीय लोरी और जॉर्ज ‘कंज्वाइंड ट्विन्स’ थे, इनकी मौत फिलाडेल्फिया में हुई। हालांकि, इनका अंतिम संस्कार करने वाले फ्यूनरल होम ने इन दोनों के मौत की वजह नहीं बताई।



सर्जरी के प्रोफेसर और छह जुड़े हुए जुड़वा को अलग करने वाले डॉक्टर क्रिस्टोफर मॉयर का कहना है कि मैंने जितनी सर्जरी की, उसमें कोई सिर से जुड़ा नहीं था। अगर लोरी या जॉर्ज में से किसी भी मौत पहले होती, तो थोड़ी ही देर में दूसरे की मौत भी पक्की थी।

### अलग किए जाते तो जी नहीं पाते

डॉ. मॉयर ने बताया कि अगर किसी चमत्कारिक तरीके से इन दोनों को अलग कर भी दिया जाता तो इनका इतने समय तक जिंदा रहना मुश्किल था। तत्काल किसी एक की मौत हो जाती। लोरी और जॉर्ज उम्मीद से ज्यादा जीवित रहे। ये दोनों क्रैनियोपैगस ट्विन्स यानी सिर आपस में जुड़ा हुए थे। यह दुर्लभ होता है।

### एक म्यूजिक से जुड़ा, तो दूसरे ने जॉब की

लोरी ने 1997 में एक डॉक्यूमेंट्री में कहा था कि हम दोनों अलग-अलग इंसान हैं। हम दुनिया में बस एक अंग से जुड़े हुए आए हैं। हम जन्म से ऐसे हैं, इसलिए यह लोगों को यह समझना चाहिए कि हम दो ताकतवर इंसान हैं। लोरी ने बताया था कि मेरे और रेबा (जॉर्ज) के बीच इस जुड़ी हुई खोपड़ी के अलावा भी बहुत कुछ है। लोरी एक अस्पताल की लॉन्ड्री में 1990 तक काम करती रही। जॉर्ज यानी रेबा कंट्री म्यूजिक प्ले करता था। उसे 1997 में लॉस एंजिल्स म्यूजिक अवॉर्ड मिला था।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दूसरे स्थान पर

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में इन दोनों को दूसरे स्थान पर रखा गया था। यानी सिर से जुड़े वो दूसरे जुड़वा जो सबसे लंबे समय तक जीवित रहे इन दोनों के माथे का हिस्सा आपस में जुड़ा हुआ था. दोनों एक दूसरे के विपरीत देखते थे। लोरी और जॉर्ज दोनों शरीर से पूरी तरह ठीक नहीं थे। जॉर्ज पैदा हुआ तब फिमेल था, लेकिन उसका नाम रेबा रखा गया, क्योंकि जांच में पता चला कि वह एक ट्रांसजेंडर है। दोनों से जब बात करते तब दोनों एक दूसरे को अलग पर्सनैलिटी कहते थे।

## जरूरी खबर

### विधायक गरासिया को हार्ट अटैक, सीएम ने जाना हाल



**बेधड़क.जयपुर।** आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया को शनिवार शाम को सीने में दर्द की शिकायत के बाद आबूरोड स्थित राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां ईसीजी के बाद हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें गुजरात के पालनपुर रेफर कर दिया गया, जहां विधायक के सीने में स्टेंट लगाया गया। गरासिया शनिवार को तलहटी के गोलिया में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौटे थे। वहीं, दोपहर बाद एक निजी होटल में बैठे थे, तभी बेचैनी और सीने में दर्द होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी फोन कर विधायक का हालचाल जाना।

### गोवंश को गर्मी से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

**बेधड़क.जयपुर।** गोशालाओं में गोवंश को गर्मी तथा लू के प्रकोप से बचाने के लिए गोपालन विभाग एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें विशेष रूप से पशुओं के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। गोपालन विभाग की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि लू के प्रकोप से गोवंश को बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, चारा, भूसा एवं अन्य पशु आहार, गोवंश के लिए छाया आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश गोशालाओं को जारी किए गए हैं। साथ ही उन्हें बीमार, अशक्त एवं गर्भवती गोवंश की उचित देखभाल एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### जोन-14 में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



**बेधड़क.जयपुर।** ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 3 अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास जेडीए ने विफल कर दिया। जेडीए टीम ने कार्रवाई करते हुए यहां हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जोन-14 के आगरा रोड़ तिलक अस्पताल के पास की गई। यहां बेशक़ीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देश पर वर्धमान नगर विस्तार विजयपुरा, दुर्गाविहार कालोनी, जामडोली सहित शांति विहार एवं सुमेल रोड़ पर रोड पर की गई।

## राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों के लिए दो चरणों में हुआ 62.10 प्रतिशत मतदान

# प्रदेश में 8 लोस सीटों की वोटिंग में महिलाएं पुरुषों से आगे

**बेधड़क** | जयपुर



लोकसभा चुनाव के तहत राजस्थान के सभी 25 संसदीय क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुके हैं। इस बार प्रदेश में दो चरणो में मतदान हुए, जिसमें कुल 62.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, ईवीएम के जरिए 61.53 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.57 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण की बात करें तो इसमें 65.52 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, सबसे खास बात यह है कि राज्य की 25 में से 8 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मतदान किया। साथ ही बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा सीट पर साल 2019 के मुकाबले इस बार अधिक मतदान दर्ज किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में 66.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 में 2019 के मुकाबले 3 लोकसभा क्षेत्रों बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा के मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक और करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ। गुप्ता ने बताया कि 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। इसमें दूसरे चरण वाले 5 और पहले चरण वाले 3 लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### सीटवार महिला-पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत

यदि सीटवार मतदान प्रतिशत को देखें तो इस बार चूरू में 63.71 प्रतिशत महिलाओं और 63.51 प्रतिशत पुरुषों ने वोट डाले। इसी प्रकार झुंझुनू में 54.03 प्रतिशत महिलाओं और 51.92 प्रतिशत पुरुषों, सीकर में 58.92 प्रतिशत महिलाओं और 56.26 पुरुषों, पाली में 57.25 प्रतिशत महिलाओं और 57.13 पुरुषों, जालोर में 63.35 प्रतिशत महिलाओं और 62.48 प्रतिशत पुरुषों, उदयपुर में 68.01 महिलाओं और 65.36 पुरुषों, बांसवाड़ा में 75.75 प्रतिशत महिलाओं और 72.05 प्रतिशत पुरुषों और राजसमंद में 59.18 प्रतिशत महिलाओं और 57.63 पुरुषों ने मतदान किया।

### बागीदौरा के उपचुनाव में डले 77.50 वोट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के तहत राज्य के 13 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान 65.52 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। ईवीएम के माध्यम से 65.03 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के जरिए 0.49 फीसदी मतदान हुआ है। बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में 77.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य में पहले चरण के तहत 12 लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान कुल 58.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसमें पोस्टल बैलेट के जरिए 0.64 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## चुनावी दौड़भाग के बाद नेता पहुंचे कार्यकर्ताओं के बीच

# वोटिंग के बाद अपनी-अपनी जीत का दावा, ले रहे फीडबैक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान होने के साथ ही नेता अब चुनावी दौड़भाग से रिलैक्स मूड में नजर आ रहे हैं। वहीं नेता अब कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा कर फीडबैक ले रहे हैं। इस बीच अपनी-अपनी जीत को लेकर भी दावे किए जा रहे हैं।

शनिवार को जोधपुर से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार अपने-अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकर फीडबैक लिया। भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस के करण सिंह उचियारड़ा ने अपनी-अपनी जीत के दावे भी किए। कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह ने बताया कि बीते सवा महीने में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बहुत संघर्ष कर साथ दिया। उन्होंने कहा- जानकारी मिली है कि कांग्रेस जोधपुर लोकसभा से भारी मतों से जीतने जा रही है। उधर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत भी अपने कार्यालय पहुंचे और यहां पर पूरे संसदीय क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने भी अपनी जीत का दावा किया। कार्यक्रम में विधायक बाबू सिंह राठौड़, जीव जंतु बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई भी मौजूद रहे। दोनों ने भाजपा की जीत का दावा किया। वहीं शेखावत ने कहा कि लोगों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है।



### BJP पर फर्जीवाड़ा का आरोप

कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि जिस तरह की जानकारियां सामने आ रही हैं, उसे साफ हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार दोपहर बाद अपनी हार देखते हुए फर्जीवाड़ा करना शुरू कर दिया था। शेरगढ़ विधायक का जो वीडियो सामने आया है, उससे साफ जाहिर है कि भाजपा के लोग कितने बौखला गए थे। शहर में भी कई जगह पर फर्जीवाड़ा करने की कोशिश की गई। वहीं हमारे लोगों के साथ मारपीट भी की गई।

### इस बार खूब जहर घोला, अब 'अपणायत' बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी

बाड़मेर में शनिवार को कांग्रेस नेता हरीश चौधरी ने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं उन्होंने दुख जताया कि इस



बार चुनाव में जहर घोलने का काम किया गया, लेकिन अब चुनाव की बातें भूलकर थार की 'अपणायत' को बनाए रखना है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस के नेता एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले तमाम मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का बूथ स्तर पर मेहनत करने लिए आभार है। चौधरी ने कहा कि मतदान अच्छा हुआ है। अब थार की अपणायत बरकरार रहे, ये हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। चौधरी ने कहा कि चुनाव के दौरान कहीं भी कुछ गलत और अन्यायपूर्ण हुआ है, इसके खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि मतदान के बाद भी जो सूचना आ रही थी, वे दुर्भाग्यपूर्ण हैं। किसी के साथ अत्याचार नहीं होना चाहिए।

### कांग्रेस को होगा कम वोटिंग का नुकसान

वहीं अजमेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कम वोटिंग से भाजपा को नुकसान बताया जा रहा है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। कम वोटिंग से कांग्रेस को नुकसान होगा, क्योंकि इस बार उनके मतदाता वोट देने कम निकले हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। कांग्रेस को तो मतदान केंद्रों पर बैठने के लिए एजेंट तक नहीं मिले। पीएम नरेंद्र मोदी का नारा अबकी बार-400 पार सही साबित होगा। चौधरी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम होने से भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कोई असर नही पड़ेगा। चौधरी ने कहा, 'मैं सौभाग्यशाली हूं कि कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर मुझे सहयोग दिया है। इनके सहयोग से ही अजमेर में कमल का फूल खिलेगा।'



## मतदान के बाद कार्यकर्ताओं से मिलीं पूर्व सीएम

# राजे के साथ सेल्फी लेने का दिखा क्रैज

**बेधड़क** | जयपुर




बारां लोकसभा सीट पर मतदान समाप्त होने के बाद शनिवार को राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता रिलैक्स मूड में नजर आए। यहां के एक निजी होटल में ठहरीं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से मिलने कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर आई। कई कार्यकर्ताओं ने राजे के साथ सेल्फी ली।

हालांकि महिलाओं में सेल्फी लेने का क्रैज ज्यादा नजर आया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने राजे को भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। दरअसल पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान उनके बेटे दुष्यंत सिंह के चुनावी कैम्पियन में काफी व्यस्त रहीं। मतदान के आखिरी दिनों में उन्होंने पिड़ावा, रटलाई, छबड़ा, चोमेला जैसे क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैलियां की थीं। इस दौरान परिसर में उनके बेटे तथा भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह भी मौजूद रहे। दोनों ने शुक्रवार को हुए मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से विस्तृत फीडबैक लिया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे से मिलकर क्षेत्र के कई अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत की। इस दौरान खानपुर के पूर्व विधायक नरेंद्र नागर, मनोहरथाना विधायक गोविंद रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम मेघवाल सहित अंता विधायक कंवरलाल मीणा भी मौजूद रहे।

# मांगों पर सहमति के बाद भाटी का धरना समाप्त

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया भले ही समाप्त हो गई हो, लेकिन मतदान के दिन हुई घटनाओं को लेकर विरोध-प्रदर्शन शनिवार को भी देखने को मिला। बाड़मेर-जैसलमेर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी शनिवार को बालोतरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। उसके बाद एसपी के बुलावे पर वार्ता शुरू हुई और 4 घंटे बाद उनकी मांगों पर सहमति बनी। इसके बाद भाटी ने धरना समाप्त किया। एसपी से बातचीत के बाद भाटी धरना स्थल पहुंचे और अपने समर्थकों को सम्बोधित किया। इस दौरान भाटी ने कहा कि शुक्रवार को हुए घटनाक्रम को लेकर प्रशासन के सामने बात रखी गई। जिसमें नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा जिनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं, उनको वापस लेने पर भी पुलिस ने सहमति जताई है। इसके साथ ही भाटी ने सभी समर्थकों को शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बालोतरा एसपी कुंदन कंवरिया ने बताया कि भाटी ओर से कुछ एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं, जिसकी शुरू कर दी गई है।

## खबरों में बेधड़क खबर



### जुआरी की बीएमडब्ल्यू कार में गामा

राजधानी में एक बीएमडब्ल्यू कार की खाकी में चर्चा है। दरअसल वॉल सिटी के एक नामचीन जुआरी ने गामा साहब को बीएमडब्ल्यू कार गिफ्ट कर दी है। गिफ्ट करने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। जुआरी द्वारा वॉल सिटी के एक चर्चित रास्ते में जुआ व सट्टा खिलाने के लिए गद्दी बना रखी है, जहां पर खाकी आसानी से नहीं पहुंचती है। क्योंकि गद्दी के पास में ही कुछ गार्ड तैनात हैं। चर्चा है कि गामा साहब को इसकी भनक लगी तो साहब ने जुआरी को ठिकाने पर बुलाया और सेवा शुल्क की आड़ में धड़ल्ले से अप्रुवल दे दी। साहब के इस व्यवहार से खुश होकर जुआरी ने गामा को खुद की बीएमडब्ल्यू कार संभला दी। अब साहब चारदीवारी में अक्सर बीएमडब्ल्यू कार में ही दिखते हैं।

### गामा साहब की प्लानिंग कर दी साहब ने फेल

राजधानी में पिछले दिनों एक कब्जे के मामले का वीडियो वायरल होने से गामा साहब की पूरी प्लानिंग फेल हो गई। चर्चा है कि गामा साहब से दो बदमाशों ने कब्जे के लिए डील कर ली थी। साहब के इशारे पर दोनों बदमाशों ने एक टीम हायर की और मौके पर भेज दिया। काम पूरे प्लानिंग के साथ हो रहा था, लेकिन अचानक कब्जा करने का वीडियो वायरल होने से अफसरों की दखल के बाद गामा साहब पीछे हट गए। चर्चा है कि जब कब्जाधारी पकड़े गए तो साहब ने थाने में उनकी मेहमानवाजी शुरू कर दी। इसकी भनक एमआई रोड़ वाले ऑफिस में बैठने वाले बड़े साहब को लगी तो साहब ने गामा की क्लास लगाकर बदमाशों की परेड करा दी। यह मामला शहर में चर्चा में है।

### भू-कारोबारी की सुरक्षा में जवान

राजधानी के चर्चित एक भू-कारोबारी पर खाकी के कुछ अफसर काफी मेहरबान है। एक बड़े गैंगस्टर की धमकी मिलने के बाद व्यापारियों को तो सुरक्षा ही नहीं मिल पा रही है और भू-कारोबारी को कई जवान दे रखे हैं। कारोबारी जमीनी मामलों में जवानों का दुरूपयोग भी कर रहा है। इसकी भनक कई अधिकारियों को है, लेकिन कारोबारी का इतना प्रभाव है कि कोई कुछ बोल ही नहीं पा रहा है। चर्चा है कि पिछली सरकार में कारोबारी का ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी दखल रहता था। सुसाइड के मामले में कारोबारी व एक लॉयन के कारण गामा को थाने से हटना पड़ा था। जमीनों का धंधा करने वाले इस व्यक्ति की कई अफसरों के केबिनों में सीधी एंट्री है जो शहर में चर्चा में है।

### अल्फा बीटा की बहाली की भी चर्चा

शहर के थाने में तैनात एक अल्फा और बीटा की बहाली के किस्सों की खाकी में चर्चा बनी हुई है। खाकी में एक ही सवाल है आखिर दोनों पर जिले के साहब इतने मेहरबान क्यों हुए? चर्चा है कि अल्फा और बीटा पर गंभीर आरोप लगे थे। तब टाइगर ने दोनों को सस्पेंड कर दिया था, लेकिन एक माह बाद ही अल्फा बीटा ने शतरंज की ऐसी चाल चली और साहब को दोनों को बहाल करना पड़ गया। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। खाकी के नुमाइंदे बहाली से ज्यादा तो इस बात पर पशोपेश में हैं कि बहाल करने के बाद दोनों को उसी थाने में पोस्टिंग मिल गई। यह मामला खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 1 मार्च से अब तक 932 करोड़ की अवैध सामग्री पकड़ी

# नशा, नकदी व अवैध सामग्री को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने दिखाई मुस्तैदी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकदी सहित 932.41 करोड़ रुपए कीमत की अवैध सामग्री जब्त की हैं।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 834 करोड़ रुपए से ज्यादा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेशभर में लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही हैं। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 4 जिलों में 40-40 करोड़ रुपए से अधिक, 9 जिलों में 30-30 करोड़ रुपए और 13 जिलों में 20-20 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

### ये एजेंसियां रख रही नजर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राजस्थान पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में आचार संहिता की अवधि के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



### अब तक ये अवैध सामग्री जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपए नकद, 131.69 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स, 45.72 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की शराब और लगभग 51.39 करोड़ रुपए मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 662.73 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपए मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

### जिला वार जब्ती

| | | | |
|---|---|---|---|
| जोधपुर | 47.03 | टोंक | 29.50 |
| चूरू | 43.08 | प्रतापगढ़ | 29.43 |
| गंगानगर | 41.92 | नागौर | 27.96 |
| भीलवाड़ा | 40.11 | हनुमानगढ़ | 25.32 |
| जयपुर | 39.18 | बांसवाड़ा | 24.94 |
| पाली | 39.10 | कोटा | 23.43 |
| डूंगरपुर | 38.53 | जालोर | 22.45 |
| दौसा | 36.75 | धौलपुर | 22.28 |
| उदयपुर | 36.25 | राजसमंद | 22.23 |
| बाड़मेर | 36.21 | अजमेर | 21.91 |
| झुंझुनूं | 34.74 | सिरोही | 20.84 |
| बीकानेर | 32.97 | झालावाड़ | 20.49 |
| चित्तौड़गढ़ | 32.44 | | |
| अलवर | 29.78 | | |

(राशि करोड़ में)

## जरूरी खबर

### 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा



**जयपुर/चूरू।** चूरू जिले में थाना बीदासर पुलिस की टीम ने नकबजनी के मामले में गत वर्ष से फरार आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु सोनी पुत्र सत्यनारायण (24) निवासी इंद्रबाबा की बगीची के सामने (थाना सुजानगढ़) को जयपुर में थाना झोटवाड़ा इलाके में भगवती रेजिडेंसी के पास से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु गत वर्ष थाना बीदासर में हुई नकबजनी के मामले में वांछित चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर उनके कार्यालय से 5 हजार का ईनाम रख अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ प्रहलाद राय के सुपरविजन एवं एसएचओ कैलाश चंद्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। आरोपी से चोरी के माल एवं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जारी है।

### श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में बारिश की संभावना

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को राज्य के कुछ भागों में आंधी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश पूर्वी राज के चाकसू, जयपुर में 21 mm व पश्चिमी राज के डूंगरगढ़, बीकानेर में 4 mm दर्ज की गई है। आगामी 5-6 दिन अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि, गंगानगर हनुमानगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में आगामी दो दिन आंशिक बादल छाए रहने व छुटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में शनिवार से 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। वहीं एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 29-30 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तेज सतही हवाएं 25-30 Kmph चलने की संभावना है। हालांकि बारिश होने की संभावनाएं काफी कम है।

**थैलेसीमिया से पीड़ित हिमांशु का थानाधिकारी बनने का सपना हुआ पूरा,** पिता की फरियाद पर पुलिस की पहल

# आठ साल का हिमांशु बना गांधीनगर थाने का थानेदार!

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के गांधीनगर थाने में शनिवार को मानवीय तस्वीर सामने आई। यहां पुलिस की ओर से थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित 8 साल के हिमांशु सैनी को थानेदार बनाया गया। बांदीकुई निवासी हिमांशु की पुलिस अफसर बनने की इच्छा थी।

हिमांशु ने गांधीनगर थानाधिकारी उदयभान यादव से पुलिस अधिकारी बनने की फरियाद की थी। शनिवार को हिमांशु को पुलिस की वर्दी पहनाकर गांधीनगर थाना अधिकारी की कुर्सी पर बैठाया गया और 2 घंटे के लिए थाना अधिकारी बनाया गया। इस दौरान गांधीनगर थाना अधिकारी उदयभान यादव समेत थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने बच्चों से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। बच्चे ने सभी पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में सवाल भी पूछे।



### थानाधिकारी बन काफी खुश दिखा हिमांशु

थानाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर हिमांशु काफी खुश हुआ। हिमांशु ने उदयभान यादव समेत पूरी राजस्थान पुलिस को धन्यवाद दिया। गांधीनगर थाना अधिकारी उदयभान यादव के मुताबिक बांदीकुई निवासी हिमांशु थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित है। हिमांशु की उम्र 8 वर्ष है। इलाज के लिए हर महीने बांदीकुई से जयपुर आता है। हिमांशु के पिता राजू सैनी ने बताया था कि हिमांशु पुलिस अधिकारी बनना चाहता है। लेकिन वह बीमार रहता है। हिमांशु की इच्छा थी कि उसे पुलिस की वर्दी पहनकर थाना अधिकारी बनने का मौका दिया जाए, तो उसे बहुत खुशी होगी।

### परिजनों ने दिया पुलिस को धन्यवाद

बच्चे का मनोबल बढ़ाने के लिए थाने पर हिमांशु को पुलिस की वर्दी पहनकर थाना अधिकारी के ऑफिस में कुर्सी पर बैठाया गया। पुलिस की वर्दी पहनकर बच्चे के चेहरे पर काफी खुशी नजर आई। हिमांशु ने पुलिस स्टाफ के साथ चाय पी। साथ ही पुलिस के कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। बच्चे और उसके परिजनों ने राजस्थान पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### थानाधिकारी ने इच्छा पूरी करने की हामी भरी

हिमांशु के पिता राजू सैनी ने कहा कि पुलिस की वर्दी पहनकर और थानाधिकारी बनाकर कुर्सी पर बैठना हिमांशु के लिए काफी खुशी का पल रहा। हिमांशु पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा करता था। बच्चे का मनोबल बढ़ाने और उसकी इच्छा पूरी करने के लिए गांधीनगर थाना अधिकारी उदयभान यादव से फरियाद लगाई गई और बच्चे की बीमारी के बारे में बताया। थाना अधिकारी ने बच्चे की इच्छा और उसकी बीमारी के बारे में जानकर थाना अधिकारी बनने की उसकी इच्छा पूरी करने के लिए हामी भर दी।

**भ्रष्टाचार:** मेडिकल कॉलेज विभागाध्यक्ष की कारस्तानी

# रजिस्टर में कांट-छांट कर 8.91 लाख रुपए का भुगतान उठाया

**अनुपस्थित रहने के बावजूद 130 दिनों का वेतन उठा लिया, एसीबी ने किया मुकदमा दर्ज**

**बेधड़क** | जयपुर

सीकर व चूरू में मेडिकल कॉलेज में पदस्थापन के दौरान जैव रसायनिक विभाग के विभागाध्यक्ष ने अनुपस्थित रहने के बाद भी 130 दिनों का वेतन उठा लिया। मामला पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय चूरू और सीकर मेडिकल कॉलेज का है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने (एसीबी) ने प्राथमिक जांच के बाद आचार्य श्रवण कुमार मीणा के खिलाफ पद का दुरूपयोग करने का मामला दर्ज कर लिया। एसीबी ने प्राथमिकी जांच में माना है कि आरोपी श्रवण मीणा 21 अगस्त 2018 से जवनरी 2021 तक चूरू मेडिकल कॉलेज और 2021 से 2022 तक सीकर मेडिकल कॉलेज में जैव रसायनिक विभाग के विभागाध्यक्ष रहे।

विभाग के उपस्थिति रजिस्टर में सीएल, ड्यूटी ऑफ जो प्रधानाचार्य या सक्षम अधिकारी द्वारा किया गया है, उसमें मीणा ने व्हाईटनर लगाकर व कांट-छांट कर अपनी उपस्थिति दिखाकर हस्ताक्षर कर दिए। मीणा असाधारण अवकाश पर रहते हुए भी उपस्थिति विवरण प्रधानाचार्य के कार्यालय में पेश कर दिया। जिसके आधार पर मीणा को 8.91 लाख रुपए का भुगतान हो गया।




### परिवीक्षाकाल में लागू नहीं अवकाश

दरअसल श्रवण कुमार मीणा की राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी जयपुर ने 20 अगस्त 2018 को जैव रसायनिक विभाग में आचार्य के पद पर नियुक्त किया था। मीणा ने अगले दिन चूरू के मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन कर लिया था। नई नियुक्ति होने पर एक साल का परिवीक्षाकाल होता है। इस अवधि में केवल विशेष कारण होने पर ही 15 दिन के अवकाश मिलते है। इससे अधिक अवकाश लेने पर वेतन कटौती होती है और परिवीक्षाकाल का समय भी बढ़ता है। मीणा द्वारा 15 दिन के अवकाश के अलावा 130 दिन का अवकाश अतिरिक्त लिया गया और बाद में उस दिन रजिस्टर में कांटछांट करके उपस्थिति दिखा दी।

### चूरू में 88 दिन और सीकर में 42 दिन का उठाया भुगतान

पड़ताल में सामने आया कि श्रवण कुमार मीणा की चूरू मेडिकल कॉलेज में दो साल से ज्यादा और सीकर मेडिकल कॉलेज में करीब एक साल पोस्टिंग रही। इस दौरान चूरू के मेडिकल कॉलेज में 88 दिन तक अवकाश रहने के बाद भी रजिस्टर में उपस्थिति दिखा दी और सीकर मेडिकल कॉलेज में 42 दिन अवकाश पर रहते हुए उपस्थिति दिखाई। मीणा द्वारा रजिस्टर में कांटछांट करके चूरू मेडिकल कॉलेज से 5.67 लाख रुपए और सीकर मेडिकल कॉलेज से 3.24 लाख रुपए का भुगतान उठाया गया है।

**भट्टारक जी की नसियां में कार्यक्रम**

# जैन धरोहर दिवस के रूप में मनाई सेठी की तृतीय पुण्यतिथि



**बेधड़क** | जयपुर

श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन (धर्म संरक्षणी) महासभा राजस्थान प्रांत के तत्वावधान में भट्टारक जी की नसियां जयपुर में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. निर्मल कुमार जी सेठी की तृतीय स्मृति दिवस का आयोजन किया। श्रावक रत्न, कर्म योगी, देव शास्त्र गुरु के उपासक, प्राचीन तीर्थ जीर्णोधारक, निर्मल कुमार जी सेठी के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर भट्टारक जी की नसियां जयपुर में विनयांजलि सभा में श्रृद्धासुमन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विनीत चांदवाड ने चित्र अनावरण किया। तीर्थ संरक्षणी महासभा की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष धर्मचंद जी पहाड़िया ने दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण कमलेश कुमार बोहरा ने किया। राजेंद्र अनोपडा ने मंगल गीत तथा महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष कमलबाबू जैन ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन धर्म सरंक्षणी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष कमलबाबू जैन ने बताया कि परम श्रद्धेय सेठी जी ने महासभा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर 40 वर्षों तक निस्वार्थ भावना से काम किया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष धर्मचंद पहाड़िया ने कहा कि सेठी जी ने संपूर्ण भारतवर्ष में पुरातत्व के करीब 700 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। महासभा के मंत्री तथा जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अध्यक्ष भागचंद बाकलीवाल मित्रपुरा ने अवगत कराया कि डॉक्टर शुभम मजूमदार जीएसआई ने सेठी जी के स्मृति दिवस को समाज धरोहर दिवस के रूप में मनाने का निश्चय किया। महासभा के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने कहा कि सेठी जी ने सारे जैन समाज का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान समाज के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अख़बार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**पत्नी और बच्चे गए थे बीकानेर,** नौकरानी को दिखा शव

# बाथरूम में मिला एसआई का शव

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में खुद के घर में ही एक सब इंस्पेक्टर का शव मिलने का मामला सामने आया है। मकान अंदर से लॉक था। नौकरानी ने खिड़की से झांक कर देखा तो सब इंस्पेक्टर बाथ रूम में न्यूड हालत में गिरे दिखाई दिए। सूचना मिलने पर कालवाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और FSL टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। कालवाड़ महावीर



यादव ने बताया कि राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव (50) की उनके ही घर में लाश मिली है। वह सुशांत सिटी में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। एसआई धर्मेंद्र यादव पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा में तैनात थे। उनकी पत्नी और बच्चे घर में शादी होने के कारण बीकानेर गए हुए थे। उल्टी-दस्त की शिकायत पर गुरुवार को ही डॉक्टर घर आकर ट्रीटमेंट देकर गए थे। शुक्रवार सुबह घर पर खाना बनाने के लिए नौकरानी आई। डोर बेल बजाने के बाद भी SI धर्मेंद्र यादव ने गेट नहीं खोला। कुछ देर रुकने के बाद नौकरानी दूसरी जगह अपने काम पर चली गई। रात करीब 7:30 बजे खाना बनाने के लिए जब नौकरानी दोबारा घर आई तब घटना के बारे में जानकारी हुई।

**आकाशवाणी के सामने मिला था युवक का शव**

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर की थी हत्या

**बेधड़क** | जयपुर

विधायकपुरी थाना इलाके में आकाशवाणी के सामने खाली प्लॉट में शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर और शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। खुलासे में सामने आया कि आरोपी नशे के पैसों के लिए युवक की हत्या की थी। आरोपी नशे का आदी है और जयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर, नारायण सिंह सर्किल, सिंधी कैंप के आसपास खानाबदोश का जीवन जीता है। आरोपी ने हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से अपना



हुलिया बदल लिया था। बदमाश अपने लंबे बाल और दाढ़ी को कटवा कर क्लीन शेव हो गया था।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि 17 अप्रैल को विधायकपुरी इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। मौके के हालात देखकर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। मृतक की पहचान सुरेश कुमार गुर्जर निवासी सवाई माधोपुर के रूप में हुई। पुलिस ने घटना के बाद करीब 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपी तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी कृपाल सिंह गुर्जर उर्फ शिवा (26) पुत्र रमेशचन्द गुर्जर निवासी गांव लादिया नीचला पोस्ट, थाना रैणी जिला अलवर को गिरफ्तार किया, जो ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया, नारायण सिंह सर्किल और टोंक फाटक पर सड़कों पर रहता है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह नशे के लिए सिंधी कैंप की तरफ गया था, जहां उसे मृतक सुरेश कुमार गुर्जर मिला। उसने सुरेश से नशे के लिए रुपए मांगे, लेकिन सुरेश ने मना कर दिया। इस पर उसे गुस्सा आया और उसकी हत्या का प्लान बनाया। वह सुरेश को सिंधी कैंप से अपने साथ आकाशवाणी के पास ले गया और उसी के गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी।

**जून से होने वाली परीक्षाओं में लागू होगा मॉडल**

# अब हाईब्रिड मॉडल से होगी आरएसएसबी की परीक्षाएं: आलोक राज

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की आगामी परीक्षाएं अब नये तरीके से होंगी। इसमें कंप्यूटर और पेन-पेपर का मिक्स स्वरूप दिखेगा। चयन बोर्ड ने नई परीक्षाएं हाईब्रिड मोड में करने का फैसला लिया है। यानि सीबीटी एग्जाम के जरिए परीक्षाएं आयोजित होंगी। इसके लिए नया सिस्टम लागू करने की कवायद शुरू की है।

इस संबंध में कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष रिटायर्ड मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि पेपर लीक एक बहुत बड़ी समस्या है। यदि पेपर लीक हो जाता है और पता नहीं लगता तो वो उससे भी बड़ी समस्या है। बीते दिनों एसआई भर्ती में पेपर लीक हुआ। ऐसे बहुत सारे अभ्यर्थी पकड़े भी गए जो ट्रेनिंग कर रहे थे। इसलिए अब पेपर लीक की समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से एक सॉल्यूशन निकाला गया है। जिसके तहत कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट कराया जाएगा।

आलोक राज ने कहा कि अमूमन पेपर बनाने, प्रिंट करने और सेंटर्स तक सप्लाई करने में बहुत बड़ी मशीनरी की आवश्यकता होती है। यदि इस मशीनरी में कोई कमजोर कड़ी हो गई तो पेपर लीक हो सकता है। इससे बचने के लिए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट करने का विचार है। बहुत सी एजेंसी इसी तरह टेस्ट कर भी रही हैं, जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और एसएससी का भी नाम शामिल है। इस व्यवस्था में एग्जाम पेपर डायरेक्ट पेपर सेटर से सर्वर के जरिए एग्जामिनेशन सेंटर पर मौजूद कंप्यूटर पर पहुंचता है। इससे बीच की कड़िया खत्म होती हैं और पेपर लीक की समस्या भी खत्म होती है।




### 20 हजार से कम अभ्यर्थियों वाली परीक्षा अब इसी मोड में



उन्होंने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ये फैसला लिया है कि जो भी छोटी परीक्षा होगी उसे नए मॉडल पर कराया जाएगा। चूंकि राजस्थान में फिलहाल इतने संसाधन उपलब्ध नहीं है कि किसी बड़ी परीक्षा को कंप्यूटर बेस्ड कराया जा सके। इसलिए छोटी परीक्षाओं को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस भी भर्ती परीक्षा में 20 हजार अभ्यर्थियों से कम अभ्यर्थी शामिल होंगे, उन परीक्षाओं को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट कराया जाएगा, लेकिन इसमें भी एक ट्विस्ट है कि ये पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट नहीं होगा। ये एक हाइब्रिड मॉडल होगा।

### कंप्यूटर में दिखेगा पेपर ओएमआर में भरना होगा आंसर

नये पेपर मॉडल में कंप्यूटर बेस के साथ-साथ ओएमआर बेस्ड टेस्ट होगा। यानी अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र कंप्यूटर में मिलेगा और उसके जवाब ओएमआर शीट पर देने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में कई बार शरारती तत्व रिमोट एक्सेस लेकर कंप्यूटर को हैक कर लेते हैं। इससे नकल की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए पेपर लीक की सभी संभावनाओं को दरकिनार करने के उद्देश्य से हाइब्रिड फार्मूला अपनाया जा रहा है। आगामी दिनों में जून के महीने में कुछ भर्ती परीक्षाएं ऐसी आयोजित की जाएंगी, जिसमें हाइब्रिड फार्मूले को इस्तेमाल किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग, 7 दमकल ने पाया काबू



**जोधपुर।** पालगांव क्षेत्र में स्थित एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में शनिवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर जोधपुर से पहुंची 7 फायर ब्रिगेड ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बासनी फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री में अंदर और बाहर काफी मात्रा में लकड़ी व गत्ते का सामान पड़ा था, इसके चलते कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। आगजनी से फैक्ट्री का लगभग सारा सामान जल गया। अभी आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### युवक का घर से अपहरण, विरोध में बंद कराए बाजार

**जोधपुर।** जिले के ओसियां में मेडिकल स्टोर चलाने वाले एक युवक का कुछ लोगों ने उसके घर से अपहरण कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। मामले में पुलिस ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार ओसियां के बाजार में प्रतापराम की मेडिकल की दुकान है। सुबह करीब पांच बजे कुछ लोग घर से प्रताप को किडनैप करके ले गए। किडनैपर सीसीटीवी की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई पुष्टि नहीं की है। ये भी अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक को किसी मामले में सरकारी एजेंसी की टीम पूछताछ के लिए लेकर गई है।

### स्कूलों के कैंटीन में मिली एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री



**श्रीगंगानगर।** स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले में चल रहे स्कूल के कैंटीनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बेची जा रही एक्सपायर्ड डेट की खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया। जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला सहित अन्य अधिकारियों ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान निजी स्कूल की कैंटीन में बड़ी संख्या में मिली अवधि पार खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया। साथ ही लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया।

**41वीं सारस गणना में 17 टीमों ने घना उद्यान सहित पूरे जिले में जुटाए आंकड़े... 143 मिले**

# खुशखबरी: केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ी सारस की संख्या

बेधड़क | भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले सैलानियों और पर्यावरणविदों के लिए खुशखबरी है। इस बार केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सारसों की संख्या में लगातार दूसरे वर्ष इजाफा हुआ है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष घना में 25 फीसदी यानी 3 सारस अधिक पाई गई हैं। वहीं पूरे जिले में कुल 143 सारस नजर आए हैं।

शुक्रवार को हुई 41वीं सारस गणना में कुल 17 टीमों ने घना समेत पूरे जिले में सारस गणना की। इन टीमों ने पक्षियों की ओर से डेरा डालने वाली अलग-अलग जगहों पर सारस की गणना के कार्य को अंजाम दिया। इस दौरान टीमों ने पूरी मुस्तैदी के साथ सारस की गणना की।

हालांकि पूरे जिले में सारस की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन घना में लगातार दूसरे वर्ष सारस की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि अच्छे संकेत हैं। गौरतलब है कि घना में आने वाले सैलानियों और पर्यावरण में रुचि रखने वालों के लिए सारस को देखना सुखद अनुभव रहता है। ऐसे में यहां सारस की संख्या में वृद्धि होना पर्यटकों को और भी रोमांचित करेगा।



### यहां इतने सारस मिले

वन विभाग और घना केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी भरतपुर की ओर से शुक्रवार को 41वीं सारस गणना की गई। इस बार सारस गणना के लिए जिले को 17 जोन में विभाजित किया गया। प्रत्येक टीम में 3 से 4 लोग शामिल थे। इन टीमों में 300 विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया। जिले की डीग और भरतपुर में हुई सारस गणना में नोनेरा एरिया में 91, केतल गेट उत्तर प्रदेश बॉर्डर एरिया में 25, तुहिया में 3, रूपवास में 2, घना के बाहर एरिया में 7 और केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 15 सारस मिले। यानी जिले में कुल 143 सारस पाए गए।

| वर्ष | घना में | जिले में |
|---|---|---|
| 2022 | 8 | 73 |
| 2023 | 12 | 185 |
| 2024 | 15 | 143 |

### जिले में घटे, घना में बढ़ गए सारस

जिले में वर्ष 2023 में कुल 185 सारस मिले थे। ऐसे में इस बार गत वर्ष की तुलना में 42 सारस कम मिले हैं। गत वर्ष घना में 12 सारस मिले थे, जबकि इस बार ये बढ़कर 15 हो गए। इससे साफ जाहिर है कि सारस को घना की आबोहवा रास आ रही है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि सारस गणना का उद्देश्य लोगों को वन्यजीव संरक्षण से जोड़ना है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में लगातार दूसरे वर्ष सारस की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि पक्षी प्रेमियों के लिए अच्छे संकेत हैं। केवलादेव घना की आबोहवा, यहां का हैविटाट सारस को रास आ रहा है।


**हाई कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई, बजरी माफिया में मचा हड़कंप**

# अवैध बजरी मामलों की जांच करने बूंदी पहुंची CBI टीम

बेधड़क | बूंदी

हिंडोली क्षेत्र के तलाब गांव मे शनिवार को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की दस्तक से बजरी माफिया में हड़कंप मच गया। सुबह सदर थाना पुलिस व हिंडोली पुलिस के जाप्ते के साथ सीबीआई टीम तालाब गांव में जब्बार के घर पहुंची और पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए।

हाईकोर्ट ने अवैध बजरी से जुड़े मामले में तालाब गांव निवासी जब्बार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बजरी के अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग व पुलिस की कार्रवाई को लेकर तल्ख टिप्पणी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई को पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट में खनन और पुलिस विभाग अपने द्वारा की गई कार्रवाई से जुड़े तथ्य प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। वहीं, कोर्ट ने अवैध खनन को लेकर पुलिस व खनन विभाग की उदासीनता की ओर इशारा किया था। गौरतलब है कि अवैध बजरी खनन और बजरी के अवैध भंडारण को लेकर तालाब गांव काफी चर्चा में रहा है। हाईकोर्ट ने बजरी चोरी, अवैध खनन और परिवहन से जुड़े मामलों में पुलिस व खान विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया लगता है कि पुलिस व खान विभाग की बजरी माफिया से मिलीभगत है। कोर्ट ने बूंदी के सदर पुलिस थाने में दर्ज बजरी चोरी के मामले की जांच राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को देने के निर्देश दिए हैं, साथ ही अदालत ने सीबीआई को मौजूदा मामले सहित चंबल व बनास के पास के समान मामलों में भू-माफियाओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भी जांच के निर्देश दिए। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश बजरी चोरी मामले में आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर दिया था।





### पुलिस व माइनिंग अधिकारियों की कार्रवाई शक के घेरे में

फिलहाल, मामले में सीबीआई के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बजरी परिवहन को लेकर खनीज विभाग व पुलिस के अन्य अधिकारी भी सीबीआई के राडार पर हैं। हिंडोली क्षेत्र के तालाब गांव में शनिवार को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की दस्तक से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

### कोर्ट ने की थी तल्ख टिप्पणी

अवैध बजरी को लेकर अदालत ने कहा कि राज्य सरकार बजरी माफिया के खिलाफ अभियान चलाती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। ऐसा लगता है कि सरकार व उसके अफसरों को अदालत के निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। सरकारी वकील शेर सिंह महला ने अदालत को बताया था कि पूर्व में गृह सचिव से इस मामले को लेकर कार्रवाई का एक्शन प्लान मांगा था। उन्होंने गृह विभाग व बूंदी एसपी को ईमेल व अन्य माध्यमों से अदालत के आदेश से अवगत करा दिया था, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई है। अवैध खनन व चोरी से सरकार को रॉयल्टी का भारी नुकसान हो रहा है।

**कंचन नगर की मस्जिद में वारदात**

## बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की मौलाना की हत्या



बेधड़क | अजमेर

जिले के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने मौलाना की हत्या कर दी। घटना के समय मस्जिद में 6 बच्चे भी मौजूद थे। बदमाशों ने बच्चों को धमकाते हुए कहा कि कमरे से बाहर निकाल दिया और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी। हत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी देते हुए रामगंज थानाधिकारी रविंद्र खींची ने बताया कि कंचन नगर स्थित मोहम्मदी मदीना मस्जिद में मौलाना मोहम्मद माहिर (30) और इनके साथ कुछ बच्चे भी रह रहे थे। रात करीब तीन बजे जब बच्चे चिल्लाते हुए बाहर आए तो आस-पास के लोगों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी ने बताया कि तीनों बदमाश मस्जिद के पीछे बने एक रास्ते से अंदर घुसे थे और मौलाना की हत्या कर उसी रास्ते से फरार हो गए। मौके से मौलाना का मोबाइल भी गायब मिला। मस्जिद के पीछे एक बाड़ा बना हुआ है, जहां से दो डंडे बरामद हुए हैं। इसके साथ ही आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। डॉग स्क्वॉयड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। बहरहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। माहौल को देखते हुए पुलिस ने यहां अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया।

मस्जिद में रहने वाले एक बच्चे कासिम ने बताया कि रात को मौलाना माहिर और सभी बच्चे कमरे में सो रहे थे कि अचानक से लाठियां लेकर तीन बदमाश कमरे में घुसे। तीनों ने अपना चेहरा कपड़े से ढंका हुआ था। जागने पर बदमाशों ने सभी बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर कमरे से बाहर निकाल दिया और इसके बाद डंडे से पीट-पीटकर मौलाना साहब की हत्या कर दी। इसके बाद बदमाश पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

**सड़क पर अधमरी हालत में छोड़कर भागा बदमाश**

## शिक्षिका से मारपीट कर गहने लूटे

बेधड़क | झालावाड़

सदर थाना क्षेत्र में शनिवार को स्कूल से घर लौट रही शिक्षिका को एक बदमाश ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। इसके बाद उसके शरीर से गहने उतार ले गया। घायल शिक्षिका को झालरापाटन के सेटेलाइट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सदर थाना प्रभारी भूपेश ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगाल की शिक्षिका चन्द्रलेखा भालोत स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार बदमाश ने महिला को अकेली पाकर रोड पर मारपीट की। इससे महिला अधमरी हालात में हो गई। महिला ने शिकायत में बताया कि बदमाश उसके कान की बालियां, मंगलसूत्र और नाक की लोंग लूटकर ले गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है तथा उसका मेडिकल करवाया गया है। शिक्षिका झालावाड़ के अमन होटल के पीछे स्थित अशोक विहार कॉलोनी की निवासी है। इधर, घटना के बाद शिक्षिका के परिजन भी मौके पर पहुंचे। बता दें कि गुरुवार को शहर के तबेला रोड पर एक राह चलती महिला को अकेला पाकर दो बाइक सवार बदमाशों ने चेन छीन ली थी। इस दौरान महिला ने कुछ देर तक बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश मौका पाकर वहां से फरार हो गए।




**कबाड़ हटने से सुरक्षा और स्वच्छता में भी वृद्धि**

## अजमेर मंडल ने स्क्रैप से कमाए 27.80 करोड़

बेधड़क | अजमेर

रेलवे द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा बेकार पडे कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इनके हटने से सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ-साथ परिसरों में स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

कबाड़ निस्तारण के लिए भंडार विभाग की ओर से रेलवे स्टेशनों, रेलखंड, डिपो, वर्कशॉप, शेड, तथा रेलवे परिसरों को कबाड़ मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड (स्क्रैप) को बेचकर 27.80 करोड़ रुपए की आय का अर्जन किया है। भंडार विभाग द्वारा स्टेशनों, रेल परिसरों, फील्ड यूनिट्स से पुराने कबाड़ को हटाने तथा बेचने के लिए अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। स्क्रैप के हटने से सुरक्षा तथा रेलवे परिसरों की स्वच्छता में हुई वृद्धि है। अजमेर मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सामग्री की बिक्री से 27.80 करोड़ रुपए की कमाई हासिल की है। यह उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय द्वारा दिए गए लक्ष्य से 15.83 फीसदी अधिक है।

पिछले वित्त वर्ष में बेची गई मुख्य सामग्रियों में रेल, पुराने क्वार्टर, पुराने शेड, पुरानी पानी की टंकियां, बेकार वाहन आदि जैसे स्क्रैप शामिल थे। सामान्यतः रेलवे द्वारा स्क्रैप में अनुपयोगी रेल, रेल पथ सामग्री, अनुपयोगी वैगन, कोच और लौह स्क्रैप भी सम्मिलित होते हैं।



**भीषण सड़क हादसे में दो लोग गंभीर घायल**

# प्रमोशन की पार्टी करने गए युवकों की कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत

बेधड़क | बांसवाड़ा

शहर से प्रमोशन की पार्टी करने गए युवकों की कार कलिंजरा बागीदौरा रोड पर वनेलापाड़ा गांव के पास पेड़ से टकरा गई। इस भीषण हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार रात 12 से 3 बजे के बीच बताई जा रही है। डीएसपी विनय चौधरी ने बताया कि किसी निजी कंपनी से जुड़ा पूरा स्टाफ 2 कारों में सवार था। इनमें एक युवक कुलदीप कंसारा का प्रमोशन हुआ था। इस कारण कलिंजरा-बागीदौरा रोड पर एक होटल में पार्टी करने गए थे। दुर्घटना ग्रस्त होने वाली कार कुलदीप कंसारा की ही थी। दो गाड़ियों में सवार होकर स्टाफ पार्टी के बाद वापस लौट रहा था। जब पीछे वाली कार काफी देर तक दिखाई नहीं दी तो पहली वाली कार में सवार लोग वापस उनकी तलाश करने के लिए मौके पर पहुंचे। वहां कार में सवार पांचों लोगों को लहूलुहान हालत में देखा गया। इसके बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें एमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भीषण था कि पेड़ से टकराने के बाद कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।



### मृतक के परिजन और पुलिस का अलग-अलग बयान सामने आया

मृतक कुलदीप के चाचा ने बताया कि कुलदीप फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। कुछ दिन पहले ही उसका प्रमोशन हुआ था। उसकी 10 साल की एक बेटी भी है। उन्होंने बताया कि तीनों किसी समारोह से वापस घर लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया। इस बीच पुलिस का कहना है कि तीनों पार्टी करके वापस लौट रहे थे। कलिंजरा थानाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि पुलिस कंट्रोल से सूचना मिली थी कि कलिंजरा-बागीदौरा रोड पर एक सड़क दुर्घटना हुई है। मौके पर पहुंचने बाद पता चला कि बांसवाड़ा के अब्दुला पीर रोड निवासी 25 वर्षीय शायन खान पुत्र युसुफ उर्फ मुन्ना खान डीलक्स वाले, सदर थाना क्षेत्र के टांडी मउड़ी निवासी 25 वर्षीय अंजेश मईड़ा पुत्र रकमचंद मईड़ा और राती तलाई निवासी कुलदीप कंसारा पुत्र मुकेश कंसारा उम्र 35 की मौत हो गई। घायलों में 24 वर्षीय मोईन कुरैसी व 32 वर्षीय आयुष पांडे निवासी रतलाम को बागीदौरा से एमजी बांसवाड़ा के लिए रेफर कर दिया गया।

## बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दूल्हे के पिता की मौत

### मातम में बदली शादी की खुशियां, कई बाराती गंभीर घायल

**धौलपुर।** सदर थाना क्षेत्र के एनएच-123 पर आदर्श नगर गांव के नजदीक पिकअप चालक को नींद की झपकी आने की वजह से गाड़ी बेकाबू होकर खेत में पलट गई। हादसे में दूल्हे के पिता की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। सदर थाना प्रभारी रामनरेश ने बताया कि धौलपुर के सत्यनारायण कॉलोनी निवासी रामवीर सिंह अपने पुत्र रोनू की बारात लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के जगनेर गए थे। बारात शनिवार को पिकअप से वापस आ रही थी। इसमें दूल्हे के पिता सहित करीब डेढ़ दर्जन से अधिक बाराती सवार थे। एनएच-123 पर आदर्श नगर गांव के नजदीक पिकअप चालक को सुबह झपकी आ गई और तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी खेत में तीन पलटी खाई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान दूल्हे के पिता रामवीर सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में सोनू (25), राधे (35), जनक सिंह (60), रामवीर (70), विकास (8), धर्मेंद्र सिंह (50), नादरिया (70) एवं महिपाल (65) घायल हुए हैं। इनमें से छह लोगों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।



### महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा...

# सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही देंगे विद्यार्थियों को नई दिशा

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि 'फैकल्टी डेवलपमेंट' के अंतर्गत शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नवीनतम परिवर्तन हो रहे हैं, उनको सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण को प्रभावी किया जाए।

राज्यपाल मिश्र शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' की ओर से आयोजित 'फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें समय-संदर्भों से जोड़ते हुए शिक्षण को रुचिकर बनाना भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सीखना और सीखाना सतत प्रक्रिया है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए यह प्रयास किया जाए कि शिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही विद्यार्थियों को भविष्य की नई दिशा प्रदान कर सकता है।




### चिकित्सा शिक्षा में हो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश

मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश करते हुए चिकित्सा प्रशासन, शोधकर्ता की भूमिका आदि से जुड़े कौशल विकसित करने की ओर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में भी 'फैकल्टी डेवलपमेंट' को अद्यतन किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें नएपन पर जोर हो। शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ-साथ शिक्षा जनोपयोगी तभी बनेगी, जब युगीन संदर्भों का समावेश करते हुए उसमें नवाचारों को अपनाया जाए।

### संविधान की उद्देशिका का करवाया वाचन

इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ ने इस कार्यक्रम की उपादेयता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपाध्यक्ष डॉ. सी. मल्लिकार्जुन ने संकाय विकास के लिए राज्यवार किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उपाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मिश्र ने सभी का आभार जताया।

## Yuva स्टोरीज

### विधा की कथक प्रस्तुति से श्रोता हुए भाव- विभोर

बेधड़क | जयपुर



स्पिक मैके के तत्वाधान में स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को विधालाल एवं उनकी टीम के अमान अली (तबला वादक), शुहेब हसन (गायक), आमिर खान (सारंगी वादक) द्वारा अति भावात्मक प्रस्तुति को देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना विधा लाल तथा साथी कलाकारों ने शंकर भगवान की स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कथक नृत्य की बारीकियां, नृत्य की मुद्राएं एवं लय ताल के बारे में समझाते हुए नृत्य की भाव भंगिमाओं से सभी का मन मोह लिया। कलाकारों का स्वागत संस्था के स्पीक मैके क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। अंत में डॉ शिप्रा मलिक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### गंगा शर्मा को मिली पी.एच.डी की उपाधि

बेधड़क | जयपुर



गंगा शर्मा को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें 'महिला सशक्तिकरण में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका सांगानेर तहसील के संदर्भ में' विषय पर किए गए शोध के लिए प्रदान की गई है। इन्होंने डॉ. लाल कृष्ण शर्मा के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया।

### स्वच्छता अपनाओ, देश में खुशियां लाओ, के लगे नारे




बेधड़क | जयपुर

जनता कॉलोनी स्थित एस.जे. पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने शनिवार को अपने क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से 'स्वच्छ भारत अभियान' रैली का आयोजन किया। विद्यालय प्रिंसिपल नीरज बेनीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली में स्टूडेंट्स के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया।

हम सबको बताएंगे, स्वच्छता को अपनाएंगे। स्वच्छता को अपनाओ, देश में खुशियां लाओ। जैसे स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर स्टूडेंट्स ने एनसीसी लीडर' नैवेद्य पारीक के नेतृत्व में क्षेत्र के निवासियों को जागरूक किया। क्लास 9 से 12 के स्टूडेंट्स ने कार्ड बोर्ड पर लिखे स्लोगन बोलते हुए, तीन की फाइल में चलते हुए, अध्यापकों के मार्गदर्शन में रैली में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्टूडेंट्स ने सभी को कूड़ा डस्टबिन में डालने, परिसर को स्वच्छ रखने के लिए नारें लगाकर जनता कॉलोनी क्षेत्र के निवासियों को जागरूक किया।

स्टूडेंट्स के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मनोज सिंह शेखावत और डॉ.अनिमेष सिंह चौहान के नेतृत्व में इस 'स्वच्छ भारत अभियान 'रैली का सफल आयोजन किया गया।


### जनप्रतिनिधियों के 'नेतृत्व अनुभव' विषय पर रखेंगी विचार

# झुंझुनूं की सरपंच नीरू यादव को UNO से बुलावा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के झुंझुनु जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क में पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव साझा करेंगी। वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग (सीडीपी) की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन "सीपीडी मीट-2024" में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के "नेतृत्व अनुभव" विषय पर अपने विचार आगामी 3 मई को साझा करेंगी।

नीरू यादव के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी तथा त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी न्यूयॉर्क में विचार साझा करेंगी। जनसंख्या और विकास आयोग की वार्षिक बैठक 29 अप्रैल से 3 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जाएगी। इस वार्षिक बैठक में सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा की समीक्षा करना है। आयोग संयुक्त राष्ट्र का एक त्रिस्तरीय अंतर सरकारी संगठन है इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक परिषद को सहयोग व सलाह देना है।







#### 21 हजार निशुल्क पेड़ विद्यार्थियों को बांटें

उल्लेखनीय है कि नीरू यादव अपनी पंचायत में कई नई पहल की है। जैसे कि पंचायत की बालिकाओं की हॉकी टीम तैयार करवाकर कोच के माध्यम से नियमित अभ्यास करवाना। अपने क्षेत्र में बर्तन बैंक खुलवाकर ग्राम पंचायत को प्लास्टिक से मुक्त करवाने कि पहल की साथ ही ग्रामीण महिलाओं से पुराने कपड़ों के थैले बनवाकर महिलाओं को सशक्त बनाया। इसी प्रकार पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विवाह पर कन्यादान के रूप में पेड़ देकर नई मुहिम की शुरुआत की। साथ ही मेरा पेड़ - मेरा दोस्त मुहीम शुरू की जिसके अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 21 हजार पेड़ निःशुल्क वितरित किये गए।

#### आम जनता को अपने अधिकारों के प्रति किया जागरुक

सरपंच नीरू यादव ने सरपंच सीरीज चलाकर आमजनता को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया व आपके द्वारा मुहिम के अन्तर्गत वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को हर माह उनके घर पर पेंशन निकालकर पहुंचाने कि पहल की। पंचायत स्तर सरपंच पाठशाला का प्रारम्भ करते हुए बालिकाओं को कम्प्युटर शिक्षा से जोड़ा तथा डिजीटल आंगनबाड़ी और आधुनिक प्ले स्कुल का निर्माण करवाया। अपने जन्मदिन को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाकर अन्य सरपंचों को सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित किया और 11 सौ आईएसआई मार्क के हेलमेट वितरित किए।

### हेरिटेज निगम का जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान

# स्कूली छात्र बोले- हम करेंगे शहर को जगमग सबको जागरूक




बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने शनिवार को आदर्श नगर जोन में स्थित महेश्वरी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4, जवाहर नगर के छात्र-छात्राओं को संवाद कर जागरूक किया।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर कार्यक्रम में स्वच्छता प्रहरियों ने विद्यार्थी और विद्यालय स्टाफ को गीला और सूखा कचरे को अलग - अलग कचरापात्र में रखने के लिए जागरूक किया। सभा में निगमकर्मियों ने स्वच्छता की महत्ता को समझाया, साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर आदर्श नगर जोन की राजस्व अधिकारी सीमा चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को जीरो वेस्ट प्लान के बारे में अवगत कराया। सभा में मौजूद सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने की प्रतिज्ञा ली।

विद्यार्थियों ने अपने घर और कॉलोनी को स्वच्छ रखने का प्रण भी लिया। इस दौरान घर पर पड़े गीली वेस्ट सामग्री से खाद बनाने का तरीका भी सिखाया। जागरूक कार्यक्रम में स्वास्थ्य निरीक्षक रवि राणा, जमादार मुकेश प्रजापत भी मौजूद रहे और पीआईयू टीम ने हेरिटेज निगम के अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक वैध, सचिव कमल साबू भी मौजूद रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की सीएम से भेंट

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम व प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा की अगुवाई में भेंट की। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि भेंट में संगठन ने शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे और शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से



मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने शिक्षक कल्याण बोर्ड का गठन करने, वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को सार्वजनिक कर तत्काल लागू करने आदि मांग रखी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के घनश्याम ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है। अतः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय को अविलंब मान्यता प्रदान करें। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने आरपीएमएफ/आरजीएचएस की कटौती में कमी और आयकर में छूट देने सहित अन्य मांगें रखी। सीएम लगभग डेढ़ घंटा चली इस भेंट वार्ता चली।

## एकात्म मानव दर्शन पर होगा वार्ता का आयोजन

**जयपुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या में रविवार सुबह 6 बजे एकात्म मानव दर्शन विषय पर वार्ता सत्र का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के संयोजक दुष्यंत कुमार ने बताया कि मानव जीवन की एकात्म दृष्टि के आधुनिक चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई "एकात्म मानव दर्शन" विषयक व्याख्यान माला को 60 वाँ वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल स्मारक की यात्रा एवं दर्शन के लिए एक ट्रिप आयोजित कर रहे हैं। इसमें डॉ. सुभाष कौशिक, शिक्षाविद और सार्थक संवाद के संयोजक देवेश बंसल के साथ "एकात्म मानव दर्शन" पर वार्ता- चर्चा सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

**डिस्कशन** द पैलेस स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस "द पैलेस MUN'24 का आगाज

# UNO की कार्य प्रणाली और बताए गए शैक्षिक प्रभाव

बेधड़क | जयपुर

द पैलेस स्कूल ने शनिवार को अपने प्रसिद्ध मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस "द पैलेस MUN'24" के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। दो दिवसीय होने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह प्रीतम चौक, सिटी पैलेस जयपुर में हुआ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रोफ़ेसर गाइ लिटिलफ़ेयर प्रो. वाइस चांसलर इंटरनेशनल और डीन, डिज़ाइन और क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज़ संकाय, रमा दत्त, महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी और पवन सोलंकी ऑस्ट्रेलियाई यूनी स्कूल मेंटरशिप प्रोग्राम के सीईओ रहें। कार्यक्रम की शुरुआत रमा दत्त, उर्वशी वर्मन



(प्रधानाचार्या), प्रोफ़ेसर गाइ लिटिलफ़ेयर और शुभम माहेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद स्कूल के स्टूडेंट्स ने सामूहिक रूप से एक मन मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं गाइ लिटिलफेयर ने संयुक्त राष्ट्र की कार्य प्रणाली को समझने और उसके शैक्षिक प्रभाव के बारे में छात्रों की समझ बढ़ाने में इस आयोजन के महत्त्व पर प्रकाश डाला। रमा दत्त ने छात्र प्रतिनिधियों को संबोधित किया और प्रमुख वैश्विक मुद्दों की खोज करने और संयुक्त राष्ट्र के कार्यप्रणाली में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता पर उन्हें बधाई दी।



#### साल 2019 में शुरू हुआ स्कूल

द पैलेस एमयूएन 24 के मुख्य सलाहकार शुभम माहेश्वरी ने इस एमयूएन यात्रा के दौरान उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए प्रिंसिपल, संकाय सदस्यों और छात्र प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। द पैलेस स्कूल की संस्थापक राजकुमारी दीया कुमारी के मार्गदर्शन में 2019 में शुरू किए गए द पैलेस एमयूएन ने आकर्षक बहस और प्रतिनिधि अनुभवों को समृद्ध करने की विरासत को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

#### 450 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस वर्ष, एमयूएन सम्मेलन में शहर के सभी प्रमुख स्कूलों से 450 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपने तीसरे संस्करण में, पैलेस एमयूएन ने 9 उत्कृष्ट समितियों की शुरुआत की, जिन्होंने सतत उपभोग और उत्पादन, जैव हथियार और नए युग के युद्ध, डिजिटल युग में प्रेस का विनियमन, संघर्ष क्षेत्रों और स्वदेशी लोगों के संबंध में मानवाधिकार उल्लंघन की समीक्षा आदि जैसे समकालीन वैश्विक मुद्दों पर आकर्षक विचार-विमर्श और उच्च-स्तरीय बहस मे भाग लिया।

## मोहम्मद गजनवी पर जीत की खुशी में बनाया गया था कंदरिया महादेव मंदिर

# अनूठी है स्थापत्य कला, सूर्योदय होते ही पड़ती है मूर्ति पर किरण



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*कंदरिया महादेव मंदिर खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह के मंदिरों में सबसे बड़ा मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मन्दिर के गर्भगृह में शिवलिंग विराजमान है। इस मंदिर को सामने से देखने से ऐसा लगता है कि जैसे हम किसी गुफा में प्रवेश कर रहे हैं। गुफा को कंदरा भी कहा जाता है, इसलिए इसका नाम कंदरिया महादेव मंदिर पड़ा, जिसका मतलब कंदरा में रहने वाले शिव। यह मन्दिर 109 फुट लम्बा, 60 फुट चौड़ा और 116 फुट ऊँचा है। इस मंदिर में कमरों का निर्माण इस तरह से किया गया है कि जब भी सूर्य देव उदय हो उनकी रोशनी सीधे मूर्ति पर पड़े। कहा जाता है कि महमूद गजनवी को पराजित करने के बाद महादेव के उपासक चंदेल राजा ने यह मंदिर राजा गंडदेव के पुत्र सम्राट विद्याधर ने बनवाया था।*

*महमूद गजनवी को हराने के बाद बना था 1000 साल पुराना कंदरिया महादेव मंदिर मध्य प्रदेश का खजुराहो भारत की महान पुरातात्विक विरासत और स्थापत्य कला का केंद्र है. यहां के पुराने मंदिरों और उनकी कारीगरी को देखने पूरी दुनिया से लोग आते है। इस समय खजुराहो में 25 मंदिर बचे हुए हैं, पर उनमें कंदरिया महादेव मंदिर का मंदिर बहुत ही अनूठा और स्थापत्य कला का अदभुत नमूना है. इस मंदिर से जुड़ी कहानी बहुत ही रोचक है. ऐसा कहा जाता है कि महमूद गजनवी को पराजित करने के बाद महादेव के उपासक चंदेल राजा ने यह मंदिर बनवाया था. इस मंदिर की कारीगरी इतनी सुंदर है कि यह यहां आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेती है आज से लगभग एक हजार साल पहले खजुराहो चंदेल राजवंश की राजधानी था। यहां के अधिकतर मंदिरों को चंदेल शासकों ने ही बनवाया था. खजुराहो के प्रमुख मंदिरों में से एक कंदरिया महादेव मंदिर को राजा गंडदेव के पुत्र सम्राट विद्याधर ने बनवाया था। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर ईस्वी सन् 1025 से 1050 के बीच में बना है. मान्यता है कि इस मंदिर को विद्याधर ने महमूद गजनवी को परास्त करने के बाद बनवाया था. सम्राट विद्याधर परम् शिव भक्त थे,उनका मानना था कि शिव की कृपा से ही उन्होंने महमूद गजनी को परास्त किया है. इसलिए उन्होंने इस मंदिर का निर्माण करवाया था।*



### अद्भुत मूर्तियों के आज सभी लोग कायल


*इस मंदिर में बाहर 646 और अन्दर 246 कलाकृतियाँ हैं।असाधारण कला में पारंगत कारीगरों ने इस अद्भुत मूर्तियों को बनाया जिसके आज सभी लोग कायल हैं। इस मंदिर में कमरे आपस में जुड़े हुए हैं और इनका निर्माण इस तरह से किया गया है कि जब भी सूर्य देव उदय हो उनकी रौशनी सीधे मूर्ति पर पडे। सभी हिन्दू मंदिरों की तरह इन मंदिरों का मुख भी सूर्योदय की तरफ रखा गया है। यहाँ की गयी नक्काशी काम, धर्म, मोक्ष और अर्थ को इंगित करती है।*

### भगवान शिव को समर्पित है यह मंदिर

*कंदरिया महादेव मंदिर खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह का एक प्रमुख मंदिर है. यह इस समूह के सभी मंदिरों में से सबसे बड़ा मंदिर है. मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, मन्दिर के गर्भगृह में शिवलिंग विराजमान है. यह शिवलिंग श्वेत संगमरमर से बना है. मंदिर की दीवारों पर बहुत ही सुंदर नक्काशी की गई है. इस मंदिर को सामने से देखने से ऐसा लगता है, कि जैसे हम किसी गुफा में प्रवेश कर रहे हैं. गुफा को कंदरा भी कहा जाता है, इसलिए इसका नाम कंदरिया महादेव मंदिर पड़ा. जिसका मतलब कंदरा में रहने वाले शिव है।*



### मंदिर ऊंची जगह पर निर्मित



*कंदरिया महादेव मंदिर खजुराहो के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक है. यह मंदिर संधार शैली और सप्त रथ शैली में बना है. यह खजुराहो का सबसे विकसित मंदिर भी है। यह मन्दिर 109 फुट लम्बा, 60 फुट चौड़ा और 116 फुट ऊँचा है। इस मंदिर में अर्ध मंडप, मंडप, महामंडप, अंतराल और गर्भगृह हैं. गर्भ गृह के चारों ओर प्रदक्षिणा पथ भी बना है.यह मंदिर अति विकसित शैली संयुक्त मध्य भारत में बना अपनी तरह का शानदार मंदिर है. मंदिर ऊंची जगह पर निर्मित है. जिसमें दो तोरण देखने के लिए मिलते हैं. ये मुख्य प्रवेश द्वार और मंडप पर लगे हैं. मंदिर की दीवारों पर भी कारीगरी की गई है. मंदिर में एक सुंदर शिखर भी देखने को मिलता है।*

### यहां नागकन्या की मूर्तियां भी हैं

कंदरिया महादेव मंदिर में सबसे पहले गणेश जी की मूर्ति बनी हुई है. उसके बाद सुंदरियों और देवदासियों की प्रतिमाएं बनी हैं. इसमें सुंदरियों की प्रतिमाएं अलग-अलग मुद्राओं में बनी हैं. यहां अनेक कामुक प्रतिमाएं भी दिख जाती हैं. इस तरह की प्रतिमाएं भी 3 पंक्तियों में बनाई गई है. इनके अलावा यहां नागकन्या की मूर्तियां भी हैं जो दीवार के कोने में हाथ जोड़कर खड़ी हुई हैं. साथ ही चंदेल राजवंश का चिन्ह भी यहां की दीवारों पर उकेरे गए हैं. खंभों के ऊपर भी सुंदर नक्काशी की गई है. गर्भगृह जहां शिवलिंग स्थापित है मंदिर के प्रवेश द्वार पर देवी-देवताओं की नक्काशी की गई है. जो बहुत ही खूबसूरत है. मंदिर में कोने में आले बनाए गए हैं, जिनमें देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाई गई हैं. इनमें से बहुत-सी प्रतिमाएं खंडित अवस्था में यहां मौजूद हैं. गर्भगृह में परिक्रमा करने के लिए परिक्रमा पथ बनाया गया है. यह पथ बाहर के मंदिर और गर्भगृह को अलग करता है. इस पथ में भी बहुत सारी मूर्तियां देखने को मिलती हैं, जो बहुत ही आकर्षक हैं. मंदिर के अंदर घूमने के बाद मंदिर के बाहर आकर वहां बनी मूर्ति कला को देखना भी मोहित कर लेता है।

---


**कविता**

## जीवन मरण



सुनील कुमार महला
उत्तराखंड

प्रकृति चक्र है
जीवन और मरण
प्रकृति खेल है दोनों
न जीवन को रोका जा सकता है और
न ही मृत्यु को
दोनों रहस्य है
एक तिलिस्म में बंद है यह गूढ़ रहस्य
इसलिए भय कैसा और क्यों ?
आदमी की फितरत है कि
वह मौत से डरता है
आतंक लगती है मृत्यु
जन्म और मौत दोनों जिद्दी किस्म के हैं
सच तो यह है कि
दोनों ईश्वर के हाथ हैं
जन्म भी तो और मृत्यु भी
कोई भी एंबुलेंस
कोई भी वेंटिलेटर
कोई भी दवा
डाक्टरों की फौज की फौज
किसी भी सूरत में



मौत का रास्ता नहीं रोक सकते
न ही कोई रोक सकते हैं
जीवन की शुरुआत
वास्तव में
मृत्यु है ही नहीं
लंबी निद्रा है मृत्यु
जीवन का अंतिम सत्य है मृत्यु
जीवन से थक कर शरीर रूपी चोला उतारने को
आदमी शायद मृत्यु का नाम देता है
श्वास भीतर आ रही है, बाहर जा रही है
वह जीवन है
एक आ रहा है, एक जा रहा है
आना जीवन है और जाना मृत्यु
बहुत मुश्किल है
जीवन और मरण पर कविता लिखना।

**शब्दों की सीख**

# नारी की श्रेष्ठ मिसाल अनुसूया



अशोक "प्रवृद्ध"

भारत की सती-साध्वी नारियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त सती अनुसूया (अनुसूईया) प्रजापति कर्दम और देवहूति की नौ कन्याओं में से एक थी। कतिपय पौराणिक ग्रंथों में इन्हें दक्ष प्रजापति की चौबीस कन्याओं में से एक बताया गया है। अनुसूया ब्रह्मा के मानस पुत्र अत्रि ऋद्धि की पत्नी थी। यह अपने पति के साथ भारत के चित्रकूट जिले के आश्रम में रहती थी। पौराणिक आख्यानों के अनुसार अनुसूया ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश को तपस्या करके प्रसन्न किया था, और कालांतर में ये त्रिदेव क्रमशः सोम, दत्तात्रेय और दुर्वासा के नाम से उनके पुत्र बने। रामायण की कथा के अनुसार श्रीराम के वनवास गमन काल में अनसूया ने चित्रकूट में स्थित अपने आश्रम में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का स्वागत किया था। उस समय उन्होंने सीता को पतिव्रत धर्म का उपदेश दिया था और उन्हें अखंड सौंदर्य की एक औषधि भी दी थी। अत्यन्त उच्च कुल में जन्म को प्राप्त अनुसूया ने अपने गुणों से ब्रह्मा के मानस पुत्र परम तपस्वी महर्षि अत्रि को पति के रूप में प्राप्त किया था। अपनी सतत सेवा तथा प्रेम से इन्होंने महर्षि अत्रि के हृदय को जीत लिया था। अनुसूया पतिव्रत धर्म के लिए प्रसिद्ध हैं। अत्रि मुनि की पत्नी अनुसूया (अनुसूईया) की अत्यधिक पति भक्ति अर्थात सतीत्व के तेज के कारण आकाशमार्ग से जाते देवों को उसके प्रताप का अनुभव होता था। इसी कारण उन्हें सती अनसूया भी कहा जाता है। आज भी सतियों में अनुसूया की गणना सबसे पहले होती है। और बैशाख मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी को उनका जन्म होने की मान्यता होने के कारण इस दिन माता अनुसूया जयंती मनाई जाने की पौराणिक परिपाटी है। इस वर्ष विक्रम संवत 2081 तदनुसार सन 2024 ईस्वी में बैशाख कृष्ण पंचमी की तिथि 28 अप्रैल दिन रविवार को पड़ने के कारण इस दिन माता अनुसूया जयंती मनाई जाएगी।

सती अनुसूया के संदर्भ में श्रीमद्भागवत पुराण, मार्कण्डेय पुराण तथा महाभारत में वर्णन प्राप्य हैं। माता अनुसूया के संबंध में प्रचलित एक पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मणी, लक्ष्मी और माता सती को अपने पतिव्रत का



बड़ा अभिमान था। तीनों देवियों के अभिमान को नष्ट करने तथा अपनी परम भक्तिनी पतिव्रता धर्मचारिणी अनुसूया के मान-सम्मान में वृद्धि करने के लिए भगवान ने नारद के मन में प्रेरणा की। इसलिए वे लक्ष्मी के पास पहुंचे, तो नारद को देखकर लक्ष्मी का मुख कमल के समान प्रस्फुटित हो उठा। उन्होंने नारद से बड़े दिनों बाद आने की उलाहना देते हुए उनका हाल- चाल पूछा। नारद ने कहा- क्या बताऊँ माता? कुछ बताते नहीं बनता। भ्रमण करता हुआ मैं इस बार चित्रकूट की ओर निकल गया था। वहां मैं महर्षि अत्रि के आश्रम पर पहुंचा, तो महर्षि की पत्नी अनुसूया का दर्शन करके कृतार्थ हो गया। तीनों लोकों में उनके समान कोई भी पतिव्रता स्त्री नहीं है। लक्ष्मी को नारद की बात पर आश्चर्य हुआ। उन्होंने पूछा- नारद! क्या वह मुझसे भी बढ़कर पतिव्रता है? नारद ने कहा- माता! आप ही नहीं, तीनों लोकों में कोई भी स्त्री सती अनुसूया की तुलना में किसी भी गिनती में नहीं है। इसी प्रकार देवर्षि नारद ने ब्रह्माणी व माता पार्वती के पास जाकर उनके मन में भी सती अनुसूया के प्रति यही भाव जगा दिया। अंत में तीनों देवियों ने त्रिदेवों से हठ करके उन्हें सती अनुसूया के सतीत्व की परीक्षा लेने के लिए आग्रह करते हुए कि आप धरती में जाकर सती अनुसूया के पतिव्रत धर्म की परीक्षा लीजिए। क्या पृथ्वी लोक में ऐसी सती नारी हो सकती है? या फिर यह मात्र प्रचार भर है? यदि सती अनुसूया में सतीत्व का अंकुरण होगा तो वह जरूर ही अपके प्रश्नों का उत्तर देगी। तथा पतिव्रत धर्म एवं सद्गृहस्थी के धर्म का पालन जरूर करेगी। त्रिदेवियों के इस प्रकार प्रार्थना किए जाने पर ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश तीनों देव मुनि वेष में महर्षि अत्रि की अनुपस्थिति में उनके आश्रम पर पहुंचे। उस समय महर्षि अत्रि अपने आश्रम में नहीं थे। अतिथि के रूप में आये हुए त्रिदेवों का सती अनुसूया ने यथोचित स्वागत-सत्कार करना चाहा, किन्तु त्रिदेवों ने उसे अस्वीकार कर दिया। इस पर सती अनुसूया ने उन मुनियों से पूछा- मुझसे कौन-सा ऐसा अपराध हो गया, जो आप लोग मेरे द्वारा की हुई पूजा को ग्रहण नहीं कर रहे हैं? इस पर मुनियों ने कहा- देवि! यदि आप बिना वस्त्र के हमारा आतिथ्य करें, तो हम आपके यहां भिक्षा ग्रहण करेंगे। यह सुनकर अनुसूया सोच में पड़ गयीं। उन्होंने ध्यान लगाकर देखा तो सारा रहस्य उनकी समझ में आ गया। वे बोलीं- मैं आप लोगों का विवस्त्र होकर आतिथ्य करूंगी। यदि मैं सच्ची पतिव्रता हूं और मैंने कभी भी काम भाव से किसी परपुरुष का चिन्तन नहीं किया हो, तो आप तीनों छः-छः माह के शिशु बन जाएं। पतिव्रता अनसूया के इस कथन मात्र से त्रिदेव छह-छह माह के शिशु बन गये। माता अनुसूया ने विवस्त्र होकर उन्हें अपना स्तनपान कराया और उन्हें पालने में खेलने के लिए डाल दिया। इस प्रकार त्रिदेव माता अनुसूया के वात्सल्य प्रेम के बन्दी बन गये। उधर त्रिदेवों के नहीं आने से त्रिदेवियां चिंतित हो उठीं। और त्रिदेवों का पता लगाने के लिए चित्रकूट पहुंच गई। वहां पहले से नारद मुनि उपस्थित थे। त्रिदेवियों ने नारद को देख उनसे अपने पतियों के बारे मे पूछा, तो नारद ने कहा कि वे लोग तो आश्रम में बालक बनकर खेल रहे हैं। इस पर त्रिदेवियों ने अनुसूया से आश्रम में प्रवेश करने की आज्ञा मांगी, तो अनुसूया ने उनसे उनका परिचय पूछते हुए कहा कि यह तो मेरे बालक हैं। आपके पति कैसे हो सकते हैं? त्रिदेवियों ने प्रार्थना करते तथा पतिव्रताओं में उनकी सर्वश्रेष्ठता को स्वीकार करते हुए कहा कि माता जी! हम तो आपकी बहुएं हैं। आप हमें क्षमा कर दें और हमारे पतियों को लौटा दें। यह सुन माता अनुसूया का हृदय द्रवित हो गया। उन्होंने शिशुओं पर जल छिड़ककर उन्हें उनका पूर्व रूप प्रदान किया और अन्ततः उन त्रिदेवों की पूजा, स्तुति भी की। देवलोक से पुष्पवर्षा होने लगी। तथा देवियों का अहंकार समाप्त हुआ। सती अनुसूया सभी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर आज भी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं।


गुजरात के पोरबंदर और भरुच में गृह मंत्री अमित शाह ने रैलियों को किया संबोधित, कांग्रेस पर साधा निशाना

# मोदी तीसरी बार PM बने तो खत्म हो जाएगा आतंकवाद-नक्सलवाद

■ गुजरात में चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर सभाओं का दौर

एजेंसी | पोरबंदर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवार और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनाएंगे। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मंडाविया के समर्थन में पोरबंदर में रैली को संबाधित किया। उन्होंने कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून का नदियां बह जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा शाह ने कहा, पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तब कोई भी पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर जाता था और यहां बम विस्फोट को अंजाम देता था। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उड़ी पर हमला किया तब वे भूल गए थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दस दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान की मिट्टी से आतंकवाद को ही खत्म कर दिया।



### नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील

शाह ने रैली में मौजूद लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने का काम किया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। अमित शाह ने गारंटी दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले आएंगे।

### शहरी नक्सलियों को वोट देने की गलती न करें

शाह ने भरूच लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते कहा कि लोगों को शहरी नक्सलियों को वोट देने की गलती नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आदिवासी विरोधी हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस और आप लोगों को लूटने के लिए एक साथ आए हैं। मुझे यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी पार्टी है और वोट पाने के बाद आप भी आदिवासियों का शोषण करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप अफवाह फैला रहे हैं कि भाजपा 400 लोकसभा सीटें जीतने के बाद संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। शाह ने कहा कि ये दो झूठे लोग एक साथ आए हैं।

### धनंजय सिंह को जमानत, सजा रद्द की मांग खारिज



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सात साल की सजा को बरकरार रखा है। सजा को रद्द करने की मांग खारिज कर दी है। वे अभी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह को जमानत दी है। ज्ञात रहे कि अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

### हेलिकॉप्टर पर सवार होते फिसला पैर, चोट आई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को एक बार फिर चोटिल हो गईं। पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हेलिकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। गिरने के कारण उन्हें मामूली चोटें आईं है। ममता बनर्जी वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता बनर्जी अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर फिसल गया और वे गिर गईं। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र व गोवा में सभाओं में कांग्रेस को घेरा

# EVM पर सवाल उठाने के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस: मोदी

एजेंसी | कोल्हापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र का फुटबॉल केंद्र है और अगर मैं फुटबॉल की भाषा में बोलूं तो लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद भाजपा 2-0 से आगे हैं। उन्होंने गोवा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि कांग्रेस को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

कोल्हापुर में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का एक ही एजेंडा है - सरकार बनाओ और नोट कमाओ। पीएम मोदी ने इस दौरान शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोगों से आप महाराष्ट्र के विकास की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस को एहसास हो चुका है कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते।



### कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है, जिसमें मुसलमानों को ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की कसम खा रखी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना नीचे गिर गई है। कांग्रेस संविधान को बदलना चाहती है और धर्म आधारित आरक्षण के लिए दलितों, ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनना चाहती है।

### विपक्ष का फॉर्मूला एक साल, एक पीएम

प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष ने एक साल, एक पीएम का फॉर्मूला तैयार किया है। अगर विपक्ष को पांच साल का मौका मिला तो उनके पांच अलग-अलग पीएम होंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कर्नाटक और तमिलनाडु में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के नेता दक्षिण भारत को विभाजित कर अलग देश की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि इसे कभी स्वीकार करेगी?

### कांग्रेस ने मंदिर निर्माण का किया विरोध

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, बल्कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी अस्वीकार कर दिया। संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विरासत कर लगाना चाहती है और लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का थोड़ा सा भी मौका नहीं मिलना चाहिए।

### डीएमके पर भी साधा निशाना

पीएम मोदी ने डीएमके को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बेहद खास पार्टी डीएमके के नेता सनातन धर्म को गाली दे रही है और कह रहे हैं कि सनातन डेंगू और मलेरिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा ऐसे नेताओं को महाराष्ट्र में आमंत्रित किया जाता है।

प्रियंका का पीएम मोदी पर प्रहार

# BJP सत्ता में आई तो बदल देगी संविधान

एजेंसी | वलसाड(गुजरात)



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने कई प्रधानमंत्री देखे लेकिन वे लोगों के सामने झूठ नहीं बोलते थे। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भले ही अभी इस बात से इनकार करने का दिखावा कर रहा हो, लेकिन अगर यह पार्टी सत्ता में वापस आई तो वह संविधान बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी।

इस दौरान उन्होंने अपने पिता व दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का भी जिक्र किया। प्रियंका ने को पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात के वलसाड के धरमपुर गांव में एक रैली में पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने कई प्रधानमंत्री देखे हैं। मैं ये नहीं कह रही हूं कि वे सिर्फ मेरे परिवार के सदस्य थे। हां, इंदिरा जी थीं, शहीद हो गईं देश के लिए। हां, राजीव जी थे, टुकड़ों में घर लाई मैं उनको।

शहीद हो गए इस देश के लिए। मनमोहन सिंह जी भी थे जो क्रांति लाए इस देश में... कांग्रेस पार्टी को न देखें तो वाजपेयी जी भी थे जो सभ्य इंसान थे कम से कम। मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि ये देश का पहला प्रधानमंत्री होगा जो आपके सामने इस तरह से झूठ बोलता है। प्रियंका ने आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर गांव में सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा, भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे इनकार कर रहे हैं।

यह उनकी रणनीति है। शुरुआत में वे उससे हमेशा इनकार करेंगे जो वे करना चाहते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद वे इसे लागू करेंगे। वे आम लोगों को कमजोर करने और उन्हें हमारे संविधान में दिए गए अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहते हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनाव के दौरान 'सुपरमैन' की तरह मंच पर आते हैं लेकिन आपको उन्हें 'महंगाई मैन' के रूप में याद रखना चाहिए। प्रियंका ने कहा, 'भाजपा नेता प्रधानमंत्री को शक्तिशाली नेता के रूप में पेश करते हैं।

सुनीता केजरीवाल का राजनीति में प्रवेश

# पूर्वी दिल्ली में निकाला मेगा रोड शो

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। यह उनका पहला रोड शो है। इसके साथ ही उनका राजनीति में विधिवत प्रवेश हो गया है। अब वे आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान में जुट गईं हैं। सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। उन्होंने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को मतदान का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें। जय हिंद.. उन्होंने जेल का जवाब वोट से का नारा भी लगाया। सुनीता केजरीवाल के रोड शो से पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि नई शुरुआत हो रही है। हम लोग रोड शो के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मैसेज जनता तक पहुंचाएंगे। मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया था कि वे पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही हैं।



कांग्रेस का भाजपा पर पलटवार, साधा निशाना

# आरक्षण खत्म करना चाहती है BJP: रमेश

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि इसे खत्म भी करना चाहती है। महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि सच्चाई यह है कि इन वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान कांग्रेस ने किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और पीएम मोदी चुनाव में चार सौ सीटों की बात इसलिए कर रहे कि ताकि संविधान बदलने के साथ एससी-एसटी व ओबीसी आरक्षण को वे खत्म कर सकें।



रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार गलत प्रचार कर रहे हैं कि हम एससी-एसटी व ओबीसी के आरक्षण के खिलाफ है और इसे छीनना चाहती है। पीएम का यह बयान बिल्कुल गलत है 1950 के बाद से शिक्षा और रोजगार में आरक्षण तब संभव हुआ है जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें और प्रधानमंत्री रहे।

### ओबीसी को दिया 27 प्रतिशत आरक्षण

जयराम ने कहा कि इसी तरह 1994 में जब पीवी नरसिंह राव प्रधानमंत्री थे, तब पहली बार केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। जबकि 2006 में कांग्रेस-यूपीए सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में उच्च शिक्षण संस्थाओं में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इन तथ्यों से साफ है कि 1950 के बाद से एससी-एसटी और ओबीसी के लिए शिक्षा व रोजगार में आरक्षण तब संभव हुआ है जब कांग्रेस की सरकारें और प्रधानमंत्री थे।

### महिला आरक्षण में OBC के लिए प्रावधान नहीं


जयराम रमेश ने कहा कि कुछ महीने पहले जब महिला आरक्षण विधेयक पर संसद में बहस हो रही थी, तब कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं को भी इसमें आरक्षण देने की मांग की थी। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया और पीएम ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। भाजपा के रूख के चलते महिला आरक्षण में ओबीसी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया।

महाराष्ट्र कांग्रेस में रार: पूर्व मंत्री नसीम खान ने खरगे को लिखी चिट्ठी

# प्रचार समिति से इस्तीफा, कहा- पार्टी को मुस्लिम वोट चाहिए... प्रत्याशी नहीं

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस में एक बार फिर से खुलकर मतभेद सामने आए हैं। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरिफ नसीम खान ने लोकसभा चुनाव में राज्य में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार टिकट नहीं दिए जाने पर पार्टी आलाकमान से नाराजगी जताई है। नसीम खान ने इस सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिख कर आरोप लगाया है कि कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए लेकिन मुस्लिम उम्मीदवार नहीं। खान ने लोकसभा चुनाव के तीसरे, चौथे और पांचवें चरण के लिए महाराष्ट्र में पार्टी के लिए



प्रचार करने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही नसीम खान ने चुनाव प्रचार समिति से भी इस्तीफा दे दिया है। नसीम खान ने खरगे को लिखे पत्र में कहा है कि पूरे महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन, नेता और पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद कर रहे थे कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय



से कम से कम एक उम्मीदवार को टिकट देगी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। ये सभी पार्टी नेता और कार्यकर्ता अब उनसे पूछ रहे हैं- कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवार क्यों नहीं?

अगर ऐसे में पार्टी के लिए प्रचार में जाऊंगा तो लोगों के इन सवालों का क्या जवाब दूंगा। इससे पहले मुझे पार्टी ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना, गोवा और महाराष्ट्र में जो भी जिम्मेदारी दी थी, मैंने निभाई है।

### एआईएमआईएम ने नसीम खान को की टिकट देने की पेशकश

इस बीच,नसीम खान को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम ने पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने की पेशकश की है। एमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सिर्फ स्टार प्रचारक के पद से इस्तीफा क्यों? आपको उस पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए जो केवल मुस्लिम वोट चाहती है, लेकिन उनका नेतृत्व नहीं। नसीम खान भाई आप एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव क्यों नहीं लड़ते जो हम आपको मुंबई में देने के लिए तैयार हैं। यह एक अच्छा सौदा है, थोड़ा साहस दिखाइए और अवसर का लाभ उठाइए।

### दो महीने पहले चुनाव तैयारी के लिए कहा था

उन्होंने बताया कि मैं पार्टी के पास टिकट मांगने नहीं गया था। दिल्ली और महाराष्ट्र के बड़े नेताओं ने मुझे दो महीने पहले ही उत्तर-मध्य सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी के लिए कहा था। पार्टी नेताओं के आदेश पर ही मैं चुनाव की तैयारी कर रहा था। फिर अचानक बिना किसी सलाह-मशविरे के उम्मीदवार बदलने का क्या औचित्य है? इससे अल्पसंख्यक समाज में जो संदेश गया है, वह पार्टी के हित में नहीं है।

### एआईएमआईएम से कहा- सहानुभूति के लिए धन्यवाद

एआईएमआईएम की पेशकश पर नसीम खान ने कहा कि मुझे एआईएमआईएम पर कोई बात नहीं करनी, उनकी सहानुभूति के लिए धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा मुझे पार्टी के कई वरिष्ठ लोगों के फोन आ रहे हैं, अगले दो तीन दिन में आगे का कदम तय करूंगा, मेरी नाराजगी का सवाल नहीं है, सिर्फ नसीम खान का सवाल नहीं है, मैं इसलिए बोल रहा हूं कि पार्टी का नुकसान न हो।

### भरत सिंह का प्रवक्ता पद से इस्तीफा

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता भरत सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सिंह ने अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोल को भेज दिया है। सिंह ने बताया कि मुंबई में 40 लाख उत्तर भारतीय हैं और महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज है। तब भी एक भी उत्तर भारतीय और मुस्लिम को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया गया है।

## जरूरी खबर

### आप को रिश्वत मिलने का कोई सबूत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है। इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। गोवा के चुनाव अभियान में इस धन का उपयोग करना दूर की बात है। केजरीवाल ने हलफनामे में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के पास एक भी रुपया नहीं आया और उन पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए गए हैं।

### ईरान में फंसे 16 भारतीयों की रिहाई जल्द

**नई दिल्ली।** ईरान की ओर से पकड़े गए पुर्तगाली ध्वज वाले जहाज के 16 भारतीयों समेत चालक दल के सदस्यों को जल्द रिहा कर दिया जाएगा। उन्हें कांसुलर पहुंच प्रदान की गई है। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-बदोल्लाहियन ने शनिवार को अपने पुर्तगाली समकक्ष पाउलो रंगेल से फोन पर बातचीत में यह भरोसा दिया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने 13 अप्रैल को होर्मुज स्ट्रेट में इजराइल से जुड़े पुर्तगाली ध्वज वाले एमएससी एरीज को जब्त कर लिया था।

### सेना-नौसेना के बेड़े में शामिल हुई मार्क-2 मिसाइल

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना और नौसेना ने अपने लड़ाकू विमान बेड़े की मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए लंबी दूरी की सुपरसोनिक हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों को शामिल किया है। ये मिसाइलें 250 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को मार सकती हैं। हाई स्पीड लो ड्रैग मार्क-2 मिसाइल के रूप में जानी जाने वाली इन मिसाइलों का इस्तेमाल दुनिया की कुछ चुनिंदा सेनाएं करती हैं। हाल ही में ईरानी ठिकानों पर इजराइली वायुसेना के हमले में इन्हीं मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि वायु सेना ने इन मिसाइलों को जगुआर लड़ाकू विमानों के साथ सुखोई-30 एमकेआई और मिग-29 लड़ाकू विमानों पर तैनात किया है। इसी तरह नौसेना ने भी मिग-29(के) नौसैन्य लड़ाकू विमानों के लिए इन मिसाइल को अपने बेड़े में शामिल किया है।

## दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़...तिरुपति मंदिर में दर्शन...पूजा अर्चना





*तिरुपति। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को तिरुपति में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित किया और मैरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर में अपनी पत्नी सुधेश धनखड़ के साथ पूजा अर्चना की।*

### बंगाल में पटाखा फूटने पर भी आ जाती है CBI



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने राज्य पुलिस को सूचित किए बिना संदेशखाली में छापेमारी की और वहां से हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने छापेमारी के संबंध में संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि बरामद वस्तुएं केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा लाई गई होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर बंगाल में पटाखा भी फूटता है, तो एनआईए, सीबीआई, एनएसजी जांच करने आ जाती हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई युद्ध चल रहा हो। बनर्जी आसनसोल लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं।

### कमांडो दस्तों के लिए हथियारों की खरीद होगी आसान

# जर्मनी ने भारत को छोटे हथियारों की बिक्री पर से प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जर्मनी ने भारत के लिए हथियारों की बिक्री से प्रतिबंध हटा लिया है। जर्मनी ने कहा है कि वह भारत को अपवाद के तौर पर मानते हुए छोटे हथियारों की बिक्री पर से प्रतिबंध हटा रहा है। यूरोपीय देश का ये कदम भारत के साथ उसके बढ़ते रणनीतिक और सैन्य संबंधों को दर्शाता है।

इससे पहले जर्मनी का अपना एक नियम था। उसने गैर-नाटो देशों को छोटे हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जर्मनी से छूट मिलने के बाद भारत अब अपनी सेना और राज्य पुलिस बलों के लिए छोटे हथियारों को खरीद सकता है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को उसकी एमपी5 सबमशीन गन (हेकलर एंड कोच एमपी5) के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरण खरीदने की अनुमति दी है। बता दें कि हेकलर एंड कोच एमपी5 एक सबमशीन गन है जिसे 1960 के दशक में जर्मन हथियार निर्माता हेकलर एंड कोच द्वारा बनाया गया था। खास बात ये है कि यही एमपी5 सबमशीन गन वर्तमान में एनएसजी और नौसेना के समुद्री कमांडो मार्कोस द्वारा इस्तेमाल की जाती है।



फाइल फोटो

### परिवहन विमान देने में ले रहा है रुचि

रिपोर्ट के अनुसार, भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय वायु सेना अपने एएन-32 विमानों को रिप्लेस करने के लिए 18 से 30 टन की वहन क्षमता वाले मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की तलाश कर रही है, जिसमें जर्मनी सहित कई वैश्विक निर्माता रुचि ले रहे हैं। इसके अलावा, इसी साल अक्टूबर के अंत में, जर्मनी से दो जहाज संभवतः एक फ्रिगेट और एक टैंकर एक बड़ी तैनाती के हिस्से के रूप में भारत का दौरा करेंगे और भारतीय नौसेना के साथ कुछ समुद्री युद्धाभ्यास में भाग लेंगे।

### पनडुब्बी बिक्री पर भी हो रही है बातचीत

सूत्रों के अनुसार, जर्मनी की तरफ से भारत की नौसेना के लिए 6 आधुनिक परंपरागत पनडुब्बियों की बिक्री के लिए भारत और जर्मनी के बीच एक सरकारी-सरकारी समझौते के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय नौसेना का एक दल जर्मनी के दौरे पर गया था, जहां उन्होंने जर्मनी द्वारा पेश किए जाने वाले एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्सन सिस्टम (एआईपी) का निरीक्षण किया। यह दल स्पेनिश कंपनी नवांटिया के एआईपी सिस्टम का भी निरीक्षण करेगा, जो पनडुब्बी कार्यक्रम के लिए एक अन्य दावेदार है।

### महिलाओं के मामले में केंद्र को निर्देश

# CDS के जरिए प्रवेश पर 8 सप्ताह में करें फैसला

**एजेंसी** | नई दिल्ली



संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी और वायुसेना अकादमी (एएफए) में महिलाओं के प्रवेश की मांग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आठ सप्ताह में निर्णय लेने के लिए कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश मनमीत पीएम अरोड़ा की पीठ ने यह आदेश दिया। यह आदेश कुश कालरा की एक याचिका पर यह दिया गया। कालरा यूपीएससी द्वारा भर्ती आवेदन के लिए दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे आठ सप्ताह में कानून के तहत महिलाओं के शामिल होने पर कोई निर्णय लें और इसी आदेश के साथ हम याचिका का निपटारा करते हैं। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा कि अधिसूचना में उन्हें सिर्फ लिंग के आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा से बाहर रखा गया। महिलाओं को सिर्फ ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब रक्षा मंत्रालय एनडीए में महिलाओं को शामिल कर रहा है।

सेना में हर साल महिलाओं की गिनती बढ़ रही है तो महिलाओं को सीडीएस परीक्षा में शामिल न करने का कोई कारण नहीं बनता। उन्होंने कहा कि योग्य महिला उम्मीदवारों को प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर न देना समानता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### नैनीताल: जंगल में आग से लाखों की वन संपदा जली

# आग पर काबू पाने के लिए अब हेलिकॉप्टर से पानी का छिड़काव

**एजेंसी** | नैनीताल

कुमाऊं में नैनीताल के निकट जंगल में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। वन विभाग आग बुझाने में जुटा हुआ है, लेकिन इसके बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा रहा है। आग को बुझाने के लिए वायुसेना की मदद ली गई है।

वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने शनिवार सुबह भीमताल झील से पानी भरकर जंगलों में पानी डालने का काम करना शुरू कर दिया है। इस बीच, नैनीताल में आग से वन संपदा को हुए नुकसान का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हवाई सर्वेक्षण किया। सीएम धामी ने कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आग पर नियंत्रण पाने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।



हल्द्वानी पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जंगलों में लगी आग की रोकथाम और पेयजल व्यवस्था को लेकर एफटीआई में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम धामी की समीक्षा बैठक में कुमाऊं कमिश्नर, वन विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई समेत छह पर लगाया मकोका

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपियों पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) लगा दिया है। मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, विदेश में बैठे उसके भाई अनमोल बिश्नोई समेत मामले में गिरफ्तार हुए दोनों शूटर और पंजाब के जालंधर से शूटरों को हथियार मुहैया कराने के दोनों आरोपियों पर मकोका लगाया है। मकोका लगाकर अब मुंबई पुलिस लॉरेंस गैंग की तह तक जाने की कोशिश में जुट गई है।

### कांग्रेस: रायबरेली व अमेठी पर सस्पेंस बरकरार

# कुछ दिन रुको, हम दोनों सीटों पर प्रत्याशी करेंगे घोषित: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली/गुवाहाटी

उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के मजबूत गढ़ माने जाने वाली रायबरेली और अमेठी सीट पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। इन सीटों से इस बार गांधी परिवार से कोई चुनावी मैदान में उतरेगा या फिर कांग्रेस किसी और को उतारेगी, इसे लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है।

शनिवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस पर निर्णय नहीं हो सका। अबस इस पर फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। खरगे ने गुवाहाटी में एक प्रेस वार्ता में कहा कि इन दोनों सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कुछ समय बाद की जाएगी। उन्होंने कहा, कुछ दिन और रुको। हम दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि, भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने भी कई बार अपनी लोकसभा सीटें बदलीं हैं।



उन्होंने कहा कि वायनाड के लोग राहुल गांधी को अपने सांसद के रूप में देखना चाहते थे, इसीलिए उन्होंने उस सीट से चुनाव लड़ा।

### दैनिक रेलवे यात्रियों को मिलेगी राहत

# जुलाई से ट्रैक पर दौड़ने लगेगी वंदे मेट्रो ट्रेन, 10 दिन में ट्रायल की तैयारी

■ इंटरसिटी की तर्ज पर चलेगी पहली वंदे मेट्रो

## 200 किलोमीटर के दायरे वाले सभी छोटे शहर बड़े शहरों से जुडेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दैनिक रेल यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेलवे वंदे मेट्रो ट्रेन चलाने जा रहा है। इससे 200 किलोमीटर के दायरे में आने वाले छोटे शहर दिल्ली, मुंबई सरीखे दस लाख से ज्यादा आबादी वाले बड़े शहरों से जुड़ जाएंगे।

अगले 10 दिनों में इसका ट्रायल शुरू हो जाने की उम्मीद है। पहली वंदे मेट्रो ट्रेन जुलाई तक ट्रैक पर दौड़ने लग जाएगी। प्रारंभ में इसे परीक्षण के तौर पर दो-तीन महीने तक चलाया जाएगा। उसके बाद अन्य रूटों पर चलाया जाएगा।

इन ट्रेनों के निर्माण पर तेजी से काम किया जा रहा है। ये ट्रेनें वातानुकूलित होंगी। अभी 50 ट्रेनें बनाकर तैयार है। परीक्षण के दौर से गुजरते ही चार सौ अतिरिक्त वंदे मेट्रो का आर्डर दिया जाएगा।

अगले दो-तीन वर्षों में चार सौ वंदे मेट्रो चलाने की तैयारी है। इनमें कोचों की संख्या जरूरत के अनुसार होगी। सूत्रों के अनुसार पहले चरण में यह ट्रेन 12 कोच वाली होगी। 4, 8, 13, 16 कोच वाली ट्रेनें छोटे शहरों को कनेक्ट करेंगी। जिस रूट पर यात्री ज्यादा होंगे, वहां की ट्रेन में 16 कोच होंगे। जहां कम से कम यात्री होंगे वहां चार कोच की ट्रेन होगी। राजकोट-अहमदाबाद, चेन्नई-तिरुपति जैसे शहरों को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ ही यह ट्रेनें हर राज्य की राजधानी से जोड़ेंगी। पहली स्वदेशी सेमी-हाई स्पीड वंदे मेट्रो को इंटरसिटी की तर्ज पर चलाया जाएगा।

इनके जरिए उन शहरों को जोड़ा जाएगा, जो अधिकतम ढाई सौ किमी के फासले पर स्थित होंगे।



### देश के 124 शहरों को जोड़ेंगी वंदे मेट्रो ट्रेनें

रेल मंत्रालय के अनुसार वंदे मेट्रो ट्रेन देशभर के 124 शहर को जोड़ेगी। इसके एक कोच में 280 यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें से 100 लोगों के बैठने के लिए सीटें होंगी, जबकि 180 यात्री मेट्रो की तरह कोच में खड़े रहेंगे। स्मोक डिटेक्शन सिस्टम और कवच सिस्टम से भी इस ट्रेन को लैस किया गया है। जरूरत पड़ने पर यात्री टॉक बैक सिस्टम से लोको पायलट से भी बात कर सकेगा।

### अगस्त से वंदे भारत स्लीपर भी चलेगी

वंदे मेट्रो की तरह वंदेभारत स्लीपर कोच वाली ट्रेन भी जल्द ही पटरी पर उतरेगी। लंबी दूरी की यह ट्रेन अगले तीन महीने में चलाने की तैयारी है। यह ट्रेनें दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-कोलकाता, दिल्ली-चेन्नई, दिल्ली-विशाखापत्तनम समेत अन्य रूट पर चलेंगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनें आरामदायक यात्रा कराने में मददगार साबित होंगी। इसी तरह रेलवे वंदेभारत कुर्सीयान वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दे रहा है।

### जल्द ही 50 अमृत भारत ट्रेन चलेंगी

रेल मंत्रालय के अनुसार, स्लीपर श्रेणी वाली अमृत भारत ट्रेन अब नए कलेवर में दिखेगी। इसे और अधिक गति देने के लिए 6000 हॉर्स पॉवर वाले दो इंजन को जोड़कर चलाया जाएगा। जल्द ही 50 और इस तरह की ट्रेनें ट्रैक पर उतरेंगी। साथ ही, 400 अमृत भारत ट्रेन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। लंबी दूरी वाली यह ट्रेनें ज्यादा ट्रैफिक वाले रूट पर भी अपनी गति से चलेंगी। ट्रेनें 22 कोच वाली होंगी जिनमें 11 स्लीपर और 11 अनारक्षित कोच होंगे।

## रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में हास्य से भरपूर नाटक 'बीनणी री तलाश' का मंचन

# बाबूड़ा को नसीब नहीं हुई दुल्हन

**बेधड़क.जयपुर।** दूल्हा बाबूड़ा बारातियों के साथ खुशी-खुशी दुल्हन के घर पहूंचा, लेकिन उसका पिता दुल्हन के पिता से ढेर सारा दहेज मांग रहा है। ऐसे में बात बिगड़ जाती है और वधु पक्ष के लोग दूल्हे और उसके पिता की पिटाई कर भगा देते हैं। फिर बाबूड़ा की शादी के लिए दूसरी दुल्हन की तलाश शुरू होती है। ऐसे ही कई रोचक घटनाक्रम जयपुर के मंच पर दिखाई दिए तो दर्शक भी रोमांचित और प्रफुल्लित हो गए। ये अनूठा नजारा था संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रस रंग मंच संस्था की ओर से आयोजित 2 दिवसीय चतुर्थ नाट्यधर्मी रंग महोत्सव का। इस दौरान रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में वरिष्ठ रंगकर्मी के के कोहली द्वारा लिखित व निर्देशित हास्य-व्यंग राजस्थानी नाटक बीनणी री तलाश का मंचन हुआ।



फोटो: पंकज शर्मा



### गंभीर विषय को दर्शाया

नाटक में गंभीर विषय को बड़ी रोचकता के साथ भरपूर मनोरंजक हास्य-व्यंग के माध्यम से समाज के सामने रखा गया। क्योंकि समाज में दहेज का दानव ही कन्या भ्रूण हत्या का असली कारण है।

### हंसी-हंसी में दे गए संदेश

बीनणी री तलाश नाटक में महेश महावर, विनोद कुमार, सिकंदर चौहान, ऋतू सैनी, मंशा भाम्भी, प्रदीप सोलंकी, नवीक्षा जैन, दुर्गा प्रसाद मंडावरा, अर्जुन सिंह, जाग्रति महावर, कृति महावर, चेतन प्रकाश, वीर सराधना आदि कलाकरों ने नाटक के घटनाक्रम को बड़ी रोचकता के साथ प्रस्तुत किया। सरल राजस्थानी संवादों पर सभागार में खूब ठहाके गूजें। साथ ही सभी कलाकार नाटक के कन्या भ्रूण हत्या रोकने के संदेशात्मक उद्देश्य पर खरा उतरे। रूप सज्जा नरेन्द्र सिंह बबल ने नाट्य परिदृश्य के अनुसार बेहतर कार्य किया। ऐसे में उन्होंने हंसी-हंसी में संदेश दिए गए। इस मौके पर कला प्रेमियों ने कलाकारों को हूटिंग और तालियों से रोमांचित किया। साथ ही मोटिवेट करते हुए सम्मान दिया।



### दुल्हन मिल ही जाए, कहना मुश्किल

बाबूड़ा को आखिर अंत तक दुल्हन नसीब नहीं होती। क्योंकि हो भी कैसे? गड़बड़ाते लिंगानुपात के कारण आने वाले वक्त में शादी लायक लड़कों को दुल्हन मिल हीं जाए कहना मुश्किल है। विधाता के वरदान को नकारने का खामियाजा अकेले बाबूड़ा को ही नहीं भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ सकता है।

## अनिल रिबाउंडर बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष और रमेश महासचिव




**बेधड़क. जयपुर।** इंडियन रिबाउंडर बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (आईआरबीएफ) की कार्यकारिणी का गठन किया। राजस्थान के अनिल जैन अध्यक्ष और रमेश सिंह सचिव बनाए गए। कृष्ण कुमार प्रधान को कोषाध्यक्ष और गजेन्द्र सिंह राठौड़ को चेयरमैन बनाया। जयपुर में लॉन्च किए इस नए खेल को रोलबॉल के खिलाड़ी और कोच रमेश सिंह ने बनाया है। लॉन्च से पहले देश भर से विभिन्न प्रदेशों के 25 बच्चों और 10 ऑफिशियल्स को 15 दिन का कैंप लगाकर खेल के नियमों की जानकारी दी गई। खेल दो टीमों की बीच खेला जाता है और हर टीम में 16 खिलाड़ी होते हैं। इनमें 8 खिलाड़ी मैदान पर रहते हैं, जबकि 8 रिजर्व होते हैं। खेल एक हाथ से या दोनों हाथों से खेला जा सकता है, लेकिन एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को गेंद पास करने से पहले ग्राउण्ड पर बाउंस होना जरूरी है।

## युवाओं ने सीखे 'कत्थक' के गुर

**बेधड़क. जयपुर।** 'वर्ल्ड डांस डे' सेलिब्रेशन के उपलक्ष्य में स्पिक मेके, हेरिटेज क्लब की ओर से कत्थक डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सी-स्कीम, जयपुर स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के मानद मंत्री सुनील बक्शी एवं प्राचार्या सीमा जैन ने कई उपलब्धियां प्राप्त अतिथि कलाकार कत्थक नृत्यांगना विद्यालाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कत्थक नृत्यांगना विद्यालाल ने विद्यार्थियों को तीन ताल, थाट, उपज, उठान, भ्रमरी, बोल, पढंत, चक्कर, टुकड़ा, जुगलबंदी आदि कत्थक नृत्य की कई विधाओं से परिचित करवाया। विद्या लाल ने नृत्य के द्वारा भगवान शिव के रूप को प्रस्तुत किया। श्रीकृष्ण को समर्पित 'मोहे छेड़ो नंद के लाल' पर प्रस्तुति ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालाल ने प्रस्तुति के बीच में विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तर का राउंड भी किया, जिसे बच्चों ने बहुत एंजॉय किया।

## बागेश्वर बाबा का सजेगा दरबार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में बागेश्वर दरबार लगेगा। इसके लिए पोस्टर विमोचन किया गया। तीन दिवसीय प्रोग्राम में राम कथा ओर 108 कुंडिया महायज्ञ किया जाएगा और धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जयपुर आएंगे। हनुमान ग्राम सेवा समिति की ओर से आयोजित कथा महोत्सव में ग्राम लालचंदपुरा में हजारों की संख्या में लोग आएंगे। पोस्टर लॉन्च में सीताराम यादव सरपंच, पवन गोयल, जे डी महेश्वरी, नवरत्न जांगिड़, दीपक खांडल, मुकेश सेइवाल आदि मौजूद रहे।

## City इवेंट्स


### बच्चे सजाएंगे पैरों में पहियों का संसार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में सैकंड़ों बच्चे पैरों में पहियों की दुनिया बसाएंगे और हवा से बाते करते हुए मैडल्स की दौड़ में शामिल होंगे। ये अनूठा नजारा होगा जयपुर डिस्ट्रिक अमेच्योर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से 11वीं जयपुर डिस्ट्रिक रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-2024 का। स्केटस इंडिया क्लब एंड ग्रुप्स के इस आयोजन में जयपुर शहर के करीब 250 से 300 प्लेयर्स हिस्सा लेंगे। इसके लिए 12 मई को मानसरोवर कपिल ज्ञान पीठ का ग्राउंड खास तैयार किया जाएगा और फिर 19 मई को ये प्लेयर्स जयपुर के अल्बर्ट हॉल के सामने भी अपनी इस अनूठी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### पूर्व छात्र ऋषभ की याद में कार्यक्रम आज

**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक-अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के पुत्र सीए छात्र ऋषभ जैन की 15वीं पुण्यतिथि पर ऋषभ सेवा संस्थान, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो व संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो धार्मिक, सामाजिक व मानव सेवा कार्य करेंगे। तारों की कूट के सूर्य नगर स्थित ऋषभ सेवा संस्थान अध्यक्ष महेन्द्र साह आबूजीवाले व मानद सचिव विनोद जैन कोटखावदा ने बताया, कि रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में सामूहिक दर्शन, अभिषेक के बाद पूजा की जाएगी। श्योपुर के विद्यासागर स्कूल के पास स्थित संत जुडे इण्डिया चाईल्ड केयर सेन्टर पर कैंसर पीड़ित बच्चों की सेवा सुश्रुषा की जाएगी। इस मौके पर संस्थान की ओर से राशन सामग्री, स्टेशनरी व फल वितरित किए जाएंगे। गौरतलब है, कि 28 अप्रैल 2009 को ऋषभ जैन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।



### बेहतर क्रियान्विति के लिए दी जानकारियां



**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 एजीटीएस-डीटीटीएस एंड पीईटीएस- एसईटीएस के 2 दिवसीय उदय कार्यक्रम में 2024-25 अध्यक्ष, सचिव व गवर्नर को ट्रेनिंग दी गई। राजस्थान से करीब 280 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। मुख्य लर्निंग फेसिलेटर डॉ. अशोक गुप्ता ने मेंम्बर्स को समाज सरोकारों से जुड़कर सेवन एरियाज में 100 फीसदी कॉन्ट्रीब्यूशन देने की बात कही। पूर्व गवर्नर दिल्ली के मुकेश अर्नेजा और जोधपुर के प्रियेश भंडारी ने रोटरी के कार्यों के क्रियान्विति के लिए अहम जानकारियां दीं। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की वर्ष 2024-25 की डिस्ट्रिक्ट गर्वनर डीजीई डॉ. राखी गुप्ता ने रोटरी की दिशा और नवाचारों पर रोशनी डाली।

## नेट-थियेट पर भजनों की स्वर्ग गंगा

# तुम मेरी राखो लाज हरि, तुम जानत सब अंतरयामी...



**बेधड़क | जयपुर**

नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज भजन की स्वर गंगा कार्यक्रम में भजन कलाकार गौरव भट्ट ने अपनी मधुर वाणी से भजन की ऐसी सरिता प्रवाहित कि की लोग भक्ति रस में हिलोरे लेने लगे।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार गौरव ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुरदास के भजन प्रभु मेरे अवगुण चित्त ना धरो, समदर्शी प्रभु नाम तिहारो, चाहो तो पार करो सुनाकर भजन की शुरुआत की। इसके बाद मीराबाई का भजन दरस बिना दुखन लागै नैन और फिर गुरुनानक की वाणी काहे रे बन खोजने जाई, सख निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई जैसे भजनों को बड़े ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया और अंत में तुम मेरी राखो लाज हरि, तुम जानत सब अंतर्यामी, करनी कछु ना करी, सुनाकर श्रोताओं को भजनों की स्वर गंगा में डुबकी लगवाई। इनके साथ सितार पर हरिहर शरण भट्ट और तबले पर विजय बानेत ने असरदार संगतकर भजनों की इस सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर डी अग्रवाल ने किया।

संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत सागर गढ़वाल ने किया। कार्यक्रम के लिए मंच सज्जा की जिम्मेदारी अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा ने संभाली।

## प्लेयर्स ने रोचक मुकाबलों में दर्शाई खेल भावना

# फोर्टिस, होप, मलोत व के सी मेमोरियल क्वार्टर फाइनल में



**बेधड़क | जयपुर**

अक्षत चतुर्थ संस्करण डीपीटील में फोर्टिस, होप, मलोत व के सी मेमोरियल हॉस्पिटल ने क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का किया। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया, कि स्पॉटी डोक ने एस एम एस टॉरपीडो को 3-0 से सवाई चैम्प ने थापर टाइटन्स को 2-1 से, हॉप हॉस्पिटल ने रेटिना रेकुटीयर्स को 2-1 से व मलोत हॉस्पिटल ने केडिया हॉस्पिटल को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया, कि अन्य रोमांचक मुकाबलों में सैंडी स्ट्राइकर, आरजे 13 किंग्स, फोर्टिस हॉस्पिटल के सी मेमोरियल जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया, कि जूनियर वर्ग में केडिया हॉस्पिटल व एओएसआईएच हॉस्पिटल ने मैचेस जीते व सेमीफाइनल में पहुंचे। लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया, कि दबंग वर्ग में डॉ. हेमंत ने डॉ. महाक्षित को 6-4 से डॉ. आदित्य ने डॉ. आधार को 6-1 से व डॉ. रुचिर ने डॉ. आई डी को 7-6 से ट्राइब्रेकर में हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया, कि मलंग जोड़ी में डॉ. बिनावरा-डॉ. राजेंद्र ने डॉ. हर्षवर्धन-डॉ नरेंद्र को हराया। मलंग सिंगल में डॉ. रामचंदानी ने डॉ. नीरज को 6-3 से हराया।

**हेरिटेज किड्स फैशन शो** | दूसरा पोस्टर लॉन्च, 2 से 12 साल के बच्चों को मिलेगा मंच

# जयपुर के मंच पर जूनियर मॉडल्स का दिखा जलवा

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में हेरिटेज किड्स फैशन शो का पोस्टर लॉन्च किया गया। अजमेर रोड स्थित प्राइम सफारी होटल में इस दौरान चाइल्ड मॉडल-एक्टर अर्विक बैराठी, मिस राजस्थान की विनर्स आस्था, मुस्कान, परिधि, तरुश्री, मानसी, भावना सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया, कि शो में 2 से 12 साल के बच्चे भाग लेंगे।

### ऑनलाइन-ऑफलाइन सेशन

शो का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मंच देने का है जिनके पैरेंट्स बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 5 मई तक कराया जा सकता है। इसके बाद फाइनलिस्ट बच्चों के ऑनलाइन-ऑफलाइन ग्रूमिंग सेशन फैशन से जुड़े एक्सपर्ट लेंगे।



### शो के दौरान होंगी विभिन्न एक्टिविटीज

शो के दौरान विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित की जाएंगी। जहां चाइल्ड मॉडल-एक्टर अर्विक बैराठी का डांस परफॉर्मेंस आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ग्रूमिंग के बाद शो का आयोजन 18 मई को इंद्रलोक सभागार में होगा। जहां बच्चे रैंप वॉक कर टैलेंट दिखाएंगे। अनन्य सोच सेवा संस्थान की ओर से आयोजित शो में तीन कैटेगरी 2 से 5, 6 से 8 और 9 से 12 में रखी गई हैं, जिससे हर तरह के बच्चों को मंच मिल सके।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 28 अप्रैल, 2024





परमात्मा को पाना नहीं परमात्मा होना है
परमात्मा दिखेगा नहीं परमात्मा देखेगा।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**गाजा हमला:** इजराइली सेना पर हमले की फिराक में इकट्ठे हुए हमास आतंकी...

# IDF की भीषण एयर स्ट्राइक... उड़े आतंकियों के चिथड़े



## आईडीएफ ने कर दिया आतंकियों का सफाया

**एजेंसी** | यरूशलम

इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इजराइली सेना पर हमले की बिल्कुल तैयारी में बैठे हमास आतंकियों के एक लांचिंग पैड का पता लगाया और रात में लड़ाकू विमान से हवाई हमला कर दिया। इसमें सभी हमास आतंकी मारे गए। इजराइल-हमास युद्ध में इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। इजराइली सेना पर हमले के लिए घात लगाकर बैठे दर्जनों हमास आतंकियों को ट्रैस करके IDF ने उन पर भयानक एयर स्ट्राइक कर दी है। इसमें सभी आतंकी मारे गए हैं। आइडीएफ ने हमास आतंकियों पर हवाई हमले का वीडियो भी जारी किया है। यह वीडियो बेहद डरावना है। हमला इतना जबरदस्त था कि सभी आतंकियों के परखच्चे उड़ गए।

आइडीएफ के अनुसार आतंकवादी इजराइली सेना पर गोली चलाने की तैयारी कर रहे थे, मगर इससे पहले ही उन्हें हवाई मार्ग से मार गिराया गया। युद्ध के दौरान अशदोद की ओर प्रक्षेपण करने वाले एक प्रक्षेपण स्थल पर हमला किया गया। गाजा पट्टी में आईडीएफ बलों का युद्ध अभियान जारी है। रात के दौरान इजराइली विमान ने खान यूनिस में एक लॉन्च साइट पर बड़ा हमला किया। यहां हमास आतंकी इजराइली सेना के खिलाफ युद्ध के दौरान पहले भी कई हमले लॉन्च किए गए थे। यहां तक कि गाजा पट्टी में सक्रिय आईडीएफ बलों पर इसी क्षेत्र से अतिरिक्त लॉन्च शुरू करने के लिए भी आतंकियों ने इसे तैयार किया था।

### यिफ्ताह ब्रिगेड ने लगाया था पता

'यिफ्ताह' ब्रिगेड (679) की लड़ाकू टीम के बलों ने गाजा पट्टी के केंद्र में एक सैन्य भवन से इजराइली सेना पर गोलीबारी करने की तैयारी कर रहे आतंकवादी दस्ते का पता लगाया। आइडीएफ वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने दस्ता संचालित होने वाली इमारत पर हमला करके आतंकियों का सफाया कर दिया। इसके अलावा वायु सेना के विमानों ने डिविजन 99 के फायर ब्रिगेड के सहयोग से गाजा पट्टी के केंद्र में एक वाहन पर हमला किया, जिसमें आतंकी संगठन हमास के आठ आतंकी मारे गए।

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में चीन दे रहा दखल**

# सबूत है... US का आरोप

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव इसी साल नवंबर में

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में चीन के दखल देने की कोशिश को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूएस ने चीन की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने और हस्तक्षेप करने के प्रयास के सबूत देखे हैं। मालूम हो कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव इसी साल नवंबर में होना है। इसमें मौजूदा राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फिर से मुकाबला हो सकता है।

2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन ने ट्रंप को हरा दिया था। एक इंटरव्यू में ब्लिंकन ने कहा कि ऐसी चिंता है कि चीन और दूसरे देश यूएस के भीतर विभाजन का लाभ उठा सकते हैं और प्रेसिडेंशियल कैंपेन को प्रभावित कर सकते हैं। एंटनी ब्लिंकन की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई जब वह चीन की तीन दिवसीय यात्रा पूरी करके लौटे हैं।



### चीनी प्रयासों पर नजर

एंटनी ब्लिंकन ने कहा, 'बाइडेन प्रशासन अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के चीनी प्रयासों को सावधानी से देख रहा है। ऐसा कुछ करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हमने चुनावों को प्रभावित करने और हस्तक्षेप करने के प्रयासों के सबूत देखे हैं। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इसे जल्द से जल्द खत्म किया जाए।' हाल की चीन यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि जिनपिंग के समक्ष चीन की ओर से रूस के यूक्रेन पर हमले को समर्थन देने पर चर्चा हुई।

### इन मुद्दों पर हुई बात

ताइवान और दक्षिण चीन सागर, मानवाधिकार और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' के प्रोडक्शन और निर्यात को लेकर भी बातचीत हुई। उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग, विदेश मंत्री वांग यी और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री वांग शियाओहोंग सहित टॉप चीनी लीडर्स से मुलाकात की थी। ध्यान रहे कि एक साल के भीतर यह उनकी दूसरी चीन यात्रा रही। इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग, विदेश मंत्री वांग यी और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री वांग शियाओहोंग सहित टॉप चीनी लीडर्स से मुलाकात की थी। ध्यान रहे कि एक साल के भीतर यह उनकी दूसरी चीन यात्रा रही।

### यूरोप के लिए बड़े खतरे को मदद करने का आरोप

बीजिंग में बीबीसी को दिए इंटरव्यू में ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चीन के अपने समकक्ष को ये स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा करके वो "कोल्ड वॉर के बाद यूरोप की सुरक्षा के लिए सबसे बड़े खतरे" की मदद कर रहा है। हालांकि बीबीसी से बातचीत में उन्होंने ये नहीं बताया कि अमेरिका चीन के खिलाफ किस तरह के कदम उठा सकता है। इसके साथ ही ब्लिंकन ने इस बात की तरफ भी इशारा किया है कि अमेरिका कुछ मामलों में आगे बढ़ा है।

**रूस ने सबसे शक्तिशाली टैंक को किया नेस्तनाबूद**

# यूक्रेन ने अमेरिकी अब्राम को जंग से हटाया

■ अमेरिका ने यूक्रेन के कदम की पुष्टि की

**एजेंसी** | कीव

दुनिया के सबसे शक्तिशाली टैंक अब्राम को मैदान छोड़ना पड़ गया है। दरअसल, रूस ने अमेरिकी टैंक की बैंड बजा दी है। इसके बाद यूक्रेन ने अब्राम को युद्ध के मैदान से हटा लिया है। इस बात की पुष्टि खुद अमेरिका ने की है। दरअसल, अमेरिकी अब्राम टैंक रूसी सेना का पसंदीदा शिकार बन गए थे। पिछले दो महीने में रूसी सेना ने कम से कम पांच अब्राम टैंक को नष्ट किया है। इतनी तेजी से अपने मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट होता देख अमेरिका भी घबरा गया है। अमेरिका का दावा रहा है कि अब्राम टैंक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टैंक है।



### दो महीने में 5 अब्राम टैंक तबाह

रूसी सेना दो महीने से भी कम समय में युद्ध क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा तैनात किए गए पांच टैंकों को नष्ट करने में कामयाब रही है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि रूसी सेना ने एक अब्राम टैंक को नष्ट करने के लिए एफपीवी (फर्स्ट-पर्सन व्यू ड्रोन) का इस्तेमाल किया। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें अवदीवका क्षेत्र में लैंसेट यूएवी से टकराने के बाद अब्राम्स एमबीटी में आग लग गई।

### पेंटागन ने की अब्राम को हटाने की पुष्टि

पेंटागन के अधिकारियों ने कहा है कि मुख्य रूप से रूसी ड्रोन रणनीति के कारण यूक्रेन ने अमेरिकी अब्राम्स एम1ए1 टैंकों को अग्रिम पंक्ति से हटा लिया है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने गुरुवार को कहा, ड्रोन के प्रसार का मतलब है, "ऐसा कोई खुला मैदान नहीं है जिसे आप पहचाने जाने के डर के बिना पार कर सकें।" चौंकाने वाली बात यह है कि रूस अपने 25 लाख की कीमत के ड्रोन की मदद से अमेरिका के 83 करोड़ रुपए की कीमत वाले अब्राम टैंकों को नष्ट कर रहा है।

**रूस से भारत जा रहा जहाज** बैलिस्टिक मिसाइल के हमले से क्षतिग्रस्त

# हूतियों ने लाल सागर में किया था अटैक

**यरुशलम।** यमन के हूतियों ने लाल सागर में जिस जहाज को शुक्रवार को निशाना बनाया था, वह रूस से भारत की ओर जा रहा था। हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों ने शुक्रवार को लाल सागर से गुजर रहे पनामा के ध्वज वाले तेल टैंकर को नुकसान पहुंचाया है। हमले के बाद तेल टैंकर से धुआं उठता हुआ भी दिख रहा है। हालांकि चालक दल के सदस्यों को अब तक कोई क्षति नहीं होने की सूचना है। मगर तेल टैंकर को "मामूली नुकसान" हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यह जहाज रूस से भारत जा रहा था। इसी दौरान यमन के हूतियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से उस पर हमला कर दिया। इसके चलते तेल टैंकर में आग लग गई और लाल सागर में धुआं उठने लगा। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़े नुकसान को होने से बचा लिया गया।

### हूतियों ने दागी 3 मिसाइलें: US

अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान ने कहा कि विद्रोहियों ने हमले में तीन मिसाइलें दागीं, जिनमें से एक ने पनामा के ध्वज वाले, सेशेल्स-पंजीकृत 'एंड्रोमेडा स्टार' को क्षतिग्रस्त कर दिया। निजी सुरक्षा कंपनी एंब्रे ने टैंकर को "रूस से जुड़े व्यापार में संलग्न" बताया। एंब्रे ने कहा, जहाज रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार की ओर जा रहा था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl